हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live & dkunews24
वर्ष : 03 अंक–202 : जौनपुर, मंगलवार 16 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करने के बाद पीएम मोदी ने देखा एयर शो

लखनऊ ब्यूरो : सुखोई 30 विमानों ने हवा में करतब दिखाए। भारतीय सेना के विमानों ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर आपात लैंडिंग की और अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयर शो का आनंद लिया और सेना की बहादुरी को सराहा। पीएम मोदी के सामने मालवाहक विमान एएन 32 हरक्युलिस, मिराज 2000 और जगुआर ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर लैंडिंग की। सुखोई 30 विमानों ने हवा में करतब दिखाए। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरक्युलिस विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। यूपी के पहले मुख्यमंत्रियों के लिए विकास वहीं तक सीमित था जहां उनका घर था: पीएम मोदी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्ववर्ती सरकारों को निशाने पर लेते हुए कहा कि पिछले मुख्यमंत्रियों के लिए विकास वहीं तक सीमित था जहां उनका घर था लेकिन आज जितना पश्चिम का सम्मान है, उतनी ही पूर्वांचल के लिए भी प्राथमिकता है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे आज यूपी की इस खाई को पाट रहा है और यूपी को जोड़ रहा है। उन्होंने परिवारवाद पर भी निशाना साधा और कहा कि सुल्तानपुर के सपूत श्रीपति मिश्रा का अपमान हुआ था। परिवारवादी लोगों ने उनका जितना अपमान किया वो यूपी के लोग कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में विकास हो रहा है तो इसका सबसे अधिक लाभ हमारी बहनों–बेटियों को मिल रहा है। घर, बिजली पानी, शौचालय, रसोइ गैस मिलने से उनको सबसे बड़ी परेशानी से छुटकारा मिला है।यूपी में अब कोई जातिवाद नहीं: पीएम मोदी। पीएम मोदी ने कहा कि यूपी में अब कोई जातिवाद नहीं। कोई क्षेत्रवाद नहीं। सबका साथ सबका विकास के मंत्र के साथ योगी की सरकार काम कर रही है। भाजपा सरकार में जिस तरह से उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेस प्रदेश बनाया जा रहा है वह आजादी के बाद पहली बार हो रहा है।यूपी में आएगा लाखों करोड़ रुपये का निवेश: पीएम मोदी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह एक्सप्रेसवे



22 हजार करोड़ रुपये में बनकर तैयार हुआ है जो कि आने वाले समय में प्रदेश में लाखों करोड़ रुपये के निवेश का माध्यम बनेगा। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की विशेषता सिर्फ यही नहीं है कि यह 9 जनपदों को जोड़ेगा बल्कि यह एक्सप्रेसवे लखनऊ को उन शहरों से भी जोड़ेगा जहां विकास की असीम संभावनाएं हैं। पहले यूपी जैसे विशाल प्रदेश में एक शहर दूसरे शहर से दूर रहता था। पूर्वांचल के लोगों के लिए तो लखनऊ पहुचना भी महाभारत जीतने जैसा होता था पर अब आवागमन बेहद आसान होगा।2017 के पहले प्रदेश में राह नहीं राहजनी होती थी: पीएम मोदी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद से ही देश के दूरदराज के इलाकों को सड़कों से जोड़ा गया है। 2017 के पहले प्रदेश में राह नहीं राहजनी होती थी। बिजली कटौती लगातार होती थी पर भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश विकास के रास्ते पर बढ़ रहा है और कानून व्यवस्था में भी सुधार हुआ है पर अब जिस तरह से यूपी में विकास हो रहा है उससे साफ है कि यूपी का भाग्य बदलना शुरू हो गया है। पहले कितनी बिजली कटौती होती थी, कौन भूल सकता है कि यूपी में कानून व्यवस्था की क्या हालत थी, यहां मेडिकल सुविधा की क्या व्यवस्था थी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण–2022 के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि एकीकृत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 01 नवम्बर 2021 (सोमवार) से, दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 01 नवम्बर 2021 (सोमवार) से 30 नवम्बर 2021 (मंगलवार तक, विशेष अभियान तिथिया 21, 27 नवम्बर 2021, दावे और आपत्तियों का निस्तारण 20 दिसम्बर 2021 (सोमवार), निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी 2022 (बुधवार) को किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अर्ह मतदाताओं के नाम सम्मिलित किये जाने तथा अनर्ह यथा मृतक, डबल शिफ्टेड मतदाताओं के विलोपन तथा अशुद्ध नामों को शुद्ध किये जाने हेतु बीएलओ द्वारा घर–घर जाकर जाँच कर कार्यवाही की जानी है। उक्त कार्य में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की है। मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाये जाने हेतु बीएलओ के कार्यों में पर्यवेक्षण/सहयोग हेतु बूथवार बीएलए नियुक्त कर सूची उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित, संशोधन एवं विलोपन हेतु आनलाइन वोटर पोर्टल, वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप पर भी सुविधा उपलब्ध है जिनका उपयोग किये जाने हेतु अपने स्तर से मतदाताओं को जागरूक करने भी सहयोग करने की अपेक्षा भी की। पुनरीक्षण अवधि में बीएलओ द्वारा घर–घर सर्वे कर छूटे हुए मतदाताओं के नाम सम्मिलित किये जाने को कार्यवाही की जा रही है। विशेष अभियान तिथियों में मतदान स्थलों पर प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 तक मतदाताओं द्वारा आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही की जायेगी। मृतक, शिफटेड एवं डुप्लीकेट मतदाताओं के चिन्हीकरण कर उनके नाम विलोपित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। जनपद कॉन्ट्रेट सेन्टर की स्थापना की गई है जिसका हेल्पलाईन नम्बर 1950 है। 80



से अधिक आयु वर्ग, दिव्यांग एवं कोविड संक्रमित मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा प्रदान की जानी है जिनके चिन्हीकरण की कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त दावो के आधार पर सम्मिलित किये गये मतदाताओं को प्रत्येक माह स्पीड पोस्ट के माध्यम से पहचान पत्रों का वितरण किया जा रहा है। मतदाता सूची की तैयारी हेतु जनपद में 9 ईआरओ, 27 एईआरओ एवं 61 अतिरिक्त एईआरओ आयोग द्वारा नामित किये गये है जिनके द्वारा कार्य कराया जा रहा है। जनपद का जेण्डर रेशियो निर्धारित मानक से कम है जिसके लिए निरन्तर प्रयास किया जा रहा है, जिसके लिए सभी राजनीतिक दलों से अपेक्षा की है कि छूटे हुए महिलाओं के नाम सम्मिलित कराने में पूर्ण सहयोग प्रदान करे। 13 नवम्बर 2021 तक जनपद में प्राप्त किये गये दावों आपत्तियों की संख्या में प्राप्त फार्म 6 में 23998, प्राप्तफार्म–7 में 1944, प्राप्तफार्म–8 में 150 प्राप्त हुए है। उन्होंने अवगत कराया कि गांव–गांव की महिलाओं को सक्रिय करते हुए छूटे हुए वोटरों का कार्ड बनवाया जाए जिससे जेंडर रेशियो में वृद्धि आएगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि इस समय ईवीएम, वीवीपैट की एफएलसी चल रही है उसको जाकर देखा जा सकता है। कोई भी पात्र मतदाता न छूटे और अपात्र मतदाता सूची में न रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने जनप्रतिनिधियों को मोबाइल पर वोटर हेल्पलाइन ऐप को डाउनलोड कराते हुए विस्तार से जानकारी प्रदान की और कहा कि अन्य लोगो के मोबाइल पर प्ले स्टोर के माध्यम से वोटर हेल्पलाइन ऐप को डाउनलोड कराये और उसे रजिस्टर कराकर इस ऐप के माध्यम से निर्वाचन के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार की जानकारी/वोटर कार्ड की जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। नए वोटर तथा संशोधित वोटर के लिए फार्म का रजिस्ट्रेशन भी किये जा सकते हैं। उक्त अवसर पर राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## नगर पंचायतों में गलियों की कच्ची सड़कों को बनाया जाए पक्की– जिलाधिकारी गोरखपुर

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिलाधिकारी सभागार में जिलाधिकारी विजय किरन आनंद की अध्यक्षता में नगर पालिका/नगर पंचायत ईओ के साथ बैठक कर नगर पालिका और नगर पंचायत के गली मोहल्लों में कच्ची सड़कों को पक्की सड़क विधानसभा चुनाव अधिसूचना जारी होने से पूर्व बनाया जाए जिससे बरसात होने पर ग्रामीणों को आवागमन के लिए किसी भी प्रकार की असुविधा ना होने पाए साथ में ही सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं को नगर पंचायत में उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा की सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति एवं जल की स्वच्छता, जल की लिकेजेज की रोकथाम एवं करो की वसूली आदि के कार्यो पर विशेष ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये है कि उपरोक्त अधिकारी/कर्मचारी अपने–अपने पंचायत में सफाई नायकों/सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति,जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था एवं निर्माण कार्या का निरन्तर निरीक्षण करेगें तथा पंचायत में उत्पन्न जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होने कहा कि स्वच्छता



सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और सफाई व्यवस्था के प्रति अत्यन्त गम्भीर है। उन्होंने कहा कि सडकों, गलियों, सार्वजनिक स्थानों, पार्कों एवं खुले स्थानों पर सफाई, नाले और नालियों की सफाई और कूडे तथा मलवे का निस्तारण नालियों से जनप्रवाह बाधित न हो, अविलम्ब मरम्मत कराना, मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आवश्यक दवाओं का छिडकाव, साथ ही नालियों एवं सीवर लाईन की सफाई, चूने एवं कीटनाशकों तथा एण्टी लार्वा के छिडकाव तथा फॉगिंग की व्यवस्था एवं अपशिष्ट प्रबन्धन की कार्यवाही अपने कुशल निर्देशन में सुनिश्चित कराएंगे। बैठक में एडीएम प्रशासन नगर पंचायत के ईओ मौजूद रहे।

## शहर कांग्रेस कमेटी ने निकाली प्रतिज्ञा पदयात्रा

आर एल पाण्डेय लखनऊ। कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिवध्प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी जी व प्रदेश अध्यक्ष मा० अजय कुमार लल्लू जी के निर्देश पर ''भाजपा भगाओ–महंगाई हटाओ'' प्रतिज्ञा यात्रा के अंतर्गत आज दिनांकः 14 नवंबर–2021 दिनः रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री पं० जवाहर लाल नेहरू जी के जन्मदिवस के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी लखनऊ (उत्तरी) अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव अज्जू एवं लखनऊ (दक्षिणी) अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह डीपी के नेतृत्व में लखनऊ महानगर सभी 6 शहरी विधानसभा में प्रतिज्ञा यात्रा निकली गयी। प्रतिज्ञा यात्रा की शुरुआत सुबह 11 बजे अजय श्रीवास्तव अज्जू ने अलीगंज स्थित पुराना हनुमान मंदिर में बजरंगबली भगवान के दर्शन के साथ की जहां से उन्होंने प्रतिज्ञा रथ को रवाना किया। उत्तर विधान में प्रतिज्ञा यात्रा मारुति पार्क त्रिवेणीनगर से फैजुल्लागंज, प्रियदर्शनी कॉलोनी होते हुए पुरनिया क्रासिंग सीतापुर रोड पर निकली। मध्य विधानसभा में प्रतिज्ञा यात्रा शास्त्रीनगर चौराहे से रामनगर, आईटी कॉलोनी, नेहरू पार्क, माधव सिनेमा होते हुए हैदरगंज चौराहे तक निकली। पश्चिम विधानसभा में प्रतिज्ञा यात्रा माँ शीतला देवी मंदिर से सआदतगंज, कोठारी बंधु टिकैतराय तालाब होते हुए हैदरगंज चौराहे पर नुक्कड़ सभा के साथ समाप्त हुई। ध्वजारोहण के साथ शुरू हुई 10उ की प्रतिज्ञा यात्रा में सभी पदाधिकारियों ने घर–घर दस्तक देते हुए मा० प्रियंका गांधी जी का संदेश प्रतिज्ञा पत्र बाँटकर लोगों तक पहुँचाया. चौराहों–चौराहों पर नुक्कड़ सभा काआयोजन किया गया वहीं कैंट विधानसभा में प्रतीज्ञा यात्रा अवध चौराहे आलमबाग पर बाबा साहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माला चढ़ाकर शुरू की। महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। चंदरनगर गेट पर नुक्कड़ सभा के साथ प्रतिज्ञा यात्रा समाप्त हुई। प्रतिज्ञा यात्रा को लेकर शहर अध्यक्षद्वय ने कहा कि हम आज पूर्व प्रधानमंत्री पं० नेहरू जी की जयंती के अवसर पर जनता के बीच जाकर उनके संदेशों को लोगों तक पहुँचाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी द्वारा देश के लिए किये गए विकास कार्यों को जनता के बीच बताने का काम कर रहे है साथ–ही–साथ कांग्रेस इस दौरान महिलाओं, युवाओं किसानों एवं मजदूरों सहित व्यापारियों वर्ग को जो भाजपा की कुशासन एवं विफल नीतियों से



हताश–निराश परेशान है और बढ़ती महंगाई से जूझ रहा है उनको कांग्रेस समय की याद दिलाते हुए भाजपा को प्रदेश से हटाने के लिए संकल्पबद्ध करने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, वीरेंद्र मैदान, पार्षद गिरीश मिश्र, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, मुशर्रफ इमाम, मनीष लोधी, रंजीत मौर्य राजेन्द्र शुक्ला. प्रमोद सिंह, राजेन्द्र पांडेय, राजीव चंद्र मिश्र. रफत फातिमा, सर्वेश श्रीवास्तव, डॉ जिया राम वर्मा, जीवन श्रीवास्तव, सय्यद हसन अब्बास, रईस अहमद, अशोक उपाध्याय, जमशेद रहमान, अखिलेश श्रीवास्तव, संदीप पोद्दार विकास सक्सेना, वतन सिन्हा. अंकित सक्सेना, दिनेश दुबे,सुरेंद्र पाल, सुशील त्रिपाठी सोनू, नदीम अहमद, अजय श्रीवास्तव, के डी अवस्थी सहित सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए।उक्त जानकारी पवन श्रीवास्तव मीडिया कॉर्डिनेटर महानगर कांग्रेस कमेटी ने दी।

## महिलाओं का वोटर बनना जरुरी : महिला के जागरूक होने से पूरा परिवार जागरूक होगा–डा अंकिता राज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को वोटर बनाने व महिलाओं में निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्थान टी डी महिला महाविद्यालय में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि अध्यक्ष आकांक्षा समिति डा अंकिता राज, विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं अर्चना ओझा व जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य डा वंदना सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कालेज की छात्राओं ने पोस्टर, स्लोगन, रंगोली, व हाथों पर मेहंदी सजा कर मतदाता को जागरूक किया। तथा छात्राओं ने मतदाता जागरूकता गीत व नृत्य प्रस्तुत कर वोटर बनने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने मतदाता हेल्प डेस्क कक्ष का उदघाटन किया। इस अवसर पर डा अंकिता राज ने कहा कि जनपद में महिला मतदाताओं का जेंडर रेशियों बढ़ाने के लिए महिला मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। क्योंकि घर में महिला की अहम भूमिका होती है, उसके जागरूक होने से पूरा परिवार जागरूक होगा और मतदान प्रतिशत भी बढेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को वोटर बनने के लिए प्रेरित करने के साथ–साथ घरेलू महिलाओं को भी मतदाता साक्षर के लिए जागरूक बनाना है। उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं ने कहा कि 1 जनवरी, 2022 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले सभी लोग मतदाता बने। वोटर बनाने का ये अभियान 30 नवम्बर तक चलेगा। जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय ने कहा कि संविधान ने आपको ऐसा हथियार मतदान के रूप में दिया है कि बिना हिंसा के समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है। मजबूत लोकतंत्र के लिए सबकी भागीदारी जरूरी हैं। टी.डी.महिला महाविद्यालय प्रबंधक डा डी आर सिंह ने कहा कि छात्रों का कर्तव्य है कि स्वयं वोटर बने और दूसरो को वोटर बनने हेतु प्रेरित करें, जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में अच्छे उम्मीदवार को मतदान कर चयन किया जा सके। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने एन.वी.एस.पी. पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कर आन लाइन वोटर बनने हेतु आवेदन करने हेतु जागरूक किया। संचालन डा राजश्री सिंह ने किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य डा प्रमिला पाण्डेय, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा शालिनी सिंह, डा पूनम सिंह, डा नीलम सिंह, कैम्पेस एम्बेसडर जानवी वर्मा व कविता चौहान, स्नेहा मिश्रा शिखा सिंह, रोली यादव, आयुशी तिवारी, रुकईया बानो, खुशी सिंह, नेहा चौहान, आदि उपस्थित रहीं।

### आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## एनपीएस पेंशन के नाम पर धोखा है– इंदु प्रकाश




जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अटेवा जौनपुर के कार्यक्रम प्रभारी इंदु प्रकाश यादव ने 21 नवंबर को लखनऊ पेंशन शंखनाद रैली में चलने के जौनपुर के सभी शिक्षक, कर्मचारियों का आह्वान किया। साथ ही साथ सरकार से निवेदन किया कि देश के विकास के लिए सरकार सरकारी संपत्तियों को बेचना बंद करे निजीकरण बंद करे। युवाओं से आह्वान किया कि युवा शिक्षक कर्मचारी सोशल मीडिया पर सक्रियता लानी होगी,ट्वीटर एकाउंट बनाना होगा और अपनी मांग को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रेंड करना होगा। जिससे सरकार तक हमारी आवाज जा सके। इसके लिए सभी सोशल मीडिया पर जैसे ट्वीटर पर, इंस्टाग्राम पर, फेसबुक आदि पर अपनी आवाज उठाने की जरूरत है। इंदु प्रकाश यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि 21 नवंबर को लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार बंधुजी के नेतृत्व में विशाल रैली होगी, जौनपुर से हजारों की संख्या में लोग बस व ट्रेन द्वारा चलेंगे।

## आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्डो से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 निःशुल्क खाद्यान्न वितरित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि माह–नवम्बर 2021 के प्रथम चक्र में होने वाले प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 में आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्डो से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 खाद्यान्न (03 किग्रा0 गेहूँ व 02 किग्रा0 चावल) प्रति यूनिट की दर से निःशुल्क वितरण की तिथि 05 नवम्बर 2021 से 15 नवम्बर 2021 तक निर्धारित की गयी थी। कतिपय जनपदो में विभिन्न कारणो से कतिपय लाभार्थियों में खाद्यान्न का वितरण किया जाना अवशेष है। उपरोक्त के दृष्टिगत आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ द्वारा माह–नवम्बर, 2021 के प्रथम चक्र में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना होने वाले खाद्यान्न वितरण की तिथि बढ़ाकर 17 नवम्बर 2021 कर दी गयी है। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि 17 नवम्बर 2021 तक आधार प्रमाणीकरण एवं पोर्टबिलिटी के माध्यम से पूर्व में जारी सोशल डिस्टेसिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार शत्–प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेगें, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

## टाउनहाल के मैदान में 15 दिवसीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का हो रहा है शुभारम्भ

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : कचहरी क्लब टाउनहाल मैदान गोरखपुर मे दिनॉक 16.11.2021 से 30.11.2021 तक 15 दिवसीय मण्डलीय खादी–ग्रामोद्योग प्रदर्शनी प्रारम्भ गोरखपुर 15 नवम्बर 21 ।प्रदेश सरकार द्वारा खादी ग्रामोद्योग विभाग से जुड़े स्वरोजगार करने वाले लाभार्थियों को उनके उत्पादित उत्पाद के प्रचार–प्रसार तथा बिक्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदर्शनी का आयोजन करा रही है। इसी क्रम में कचहरी क्लब टाउनहाल के मैदान में 15 दिवसीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी दिनॉक 16.11.2021 से प्रारम्भ हो रही है, जो दिनॉक 30.11.2021 तक चलेगी। इस प्रदर्शनी मे देश के विभिन्न प्रान्तों से आये हुए उद्यमियों द्वारा खादी से बने विभिन्न प्रकार के उत्पाद तथा ग्रामोद्योग सेक्टर में उत्पादित घरेलू उपयोग की अनेक वस्तुएं उचित व रियायती दर पर उपलब्ध होंगे। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी श्री एन0पी0 मौर्य द्वारा बताया गया कि प्रदर्शनी में 98 स्टाल बनाये गये है। विभिन्न प्रान्तों से ग्रामोद्योगी सामानों के विशेष उत्पाद प्रदर्शनी में आम जनता को उपलब्ध होगा। ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों द्वारा उत्पादित सामानों की अच्छी बिक्री होने से ग्रामीण अर्थ व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा माननीय मुख्यमंत्री जी एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के ''आत्मनिर्भर भारत अभियान'' को गति मिलेगी। श्री मौर्य ने गोरखपुर की जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी में प्रधार कर ग्रामीण उद्यमियों का उत्साहवर्द्धन करें। उक्त जानकारी परिक्षेत्रीयधजिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने दी।

## गिरीश चंद्र यादव द्वारा कल श्री रामनाथ महाविद्यालय ग्राम ईसापुर में होगी समन्वय बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल में अवगत कराया है कि माननीय राज्य मंत्री आवास एवं शहरी नियोजन उत्तर प्रदेश गिरीश चंद्र यादव द्वारा 17 नवंबर 2021 को पूर्वाहन 8:00 बजे ग्राम रामदास पुर नवादा थाना लाइन बाजार में जनसंपर्क 10:00 बजे श्री रामनाथ महाविद्यालय ग्राम ईसापुर में समन्वय बैठक अपराध 1:00 बजे ग्राम गुरु 23 पुर ग्राम मिठनपुर एवं ग्राम जैनपुर ब्लॉक खुटार थाना खुटार में जनसंपर्क अपरान 6:00 बजे चंद्रजीत पूर्व माध्यमिक विद्यालय जगतपुर समसपुर पनियारा में सीताराम महायज्ञ महोत्सव 108 कुंडी महायज्ञ में शामिल होंगे 8:00 बजे निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग में पहुँचेगे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
जो शिक्षाओं के अर्थ को अनुभव में नहीं लाते, वे अनर्थ के सहज शिकार बनते हैं–
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# भारत में गरीब और गरीबी

भारत में गरीबी का मुख्य कारण धन या पैसे रुपए का केंद्रीकरण है। सरकारें हजार दो हजार महीना या प्रति परिवार पांच या दस किलोग्राम अनाज बांट कर लोगो को जिंदा तो रख सकती है किन्तु गरीबी को परास्त नहीं कर सकतीं। आजादी के बाद से ही सरकारें चाहे किसी भी दल की रही हों वे सदैव इस बात के लिए प्रयत्नशील रही हैं कि देश में कोई भी मौत भूख से न हो। देश में उत्तरोत्तर आने वाली सरकारों ने गरीबों के जीवन में बेहतरी लाने का प्रयास भी किया है और कर रही हैं। इसमें चाहे साल में 100 दिन के रोजगार की गारंटी देने वाली मनरेगा योजना हो, किसान सम्मान निधि हो, जनधन खाते के माध्यम से वित्तीय सहायता हो, उज्ज्वला योजना के माध्यम से घर घर रसोई गैस कनेक्शन या गरीबों को मुफ्त आवास एवं चिकित्सा सुविधा आदि प्रदान करना हो अनेक तरीकों से गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की कोशिश की जा रही है । फिर भी यह कतई नहीं कहा जा सकता कि सरकारों ने ईमानदारी से समाज में आर्थिक असमानता की दरारों को भरने का कोई सार्थक प्रयास आजादी के बाद से अब तक किया है। यह बात अपनी जगह पर सही है कि लोकतंत्र में सत्ता प्राप्त करने के लिए सामान्य बहुमत प्राप्त करना आवश्यक है और इस के लिए अधिसंख्य आबादी का वोट हासिल करना मजबूरी हो जाती है। इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को उसकी आवश्यकता और मानसिकता दोनों की दृष्टिगत रखते हुए राजनीतिक दल अपनी बिसातें अपने चुनाव घोषणा पत्र के माध्यम से बिछाने का कार्य करते हैं। यानी जैसा गाल वैसा तमाचा। जो जितने से खुश उतने का वादा। लोकतंत्र की इसी मजबूरी के कारण सरकारें कटु आर्थिक निर्णय लेने का साहस कम ही कर पाती है। प्रायः सरकारों के इसी मनोदबाव का फायदा उठाने में समाज के अनेक दबाव समूह (चतमेेनतम हतवनचे) कामयाब रहते हैं और अधिकाधिक आर्थिक लाभ उनके हिस्से में चला जाता है जबकि कुछ वर्ग या दबाव समूह जितना उन्हें मिलना चाहिए उतना प्राप्त करने का भी प्रेशर सरकारों पर नहीं बना पाते और अत्यंत कम पाकर ही संतोष करना पड़ता है। समाज में कुछ ऐसे वर्ग भी है जैसे की असंगठित क्षेत्र के श्रमिक , भूमिहीन कृषक, अल्प जोत वाले किसान, घुमंतू समुदाय के लोग, रेहड़ी पटरी व्यापारी, अल्प पूंजी व्यापारी वर्ग, निजी क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक मजदूर एवं कारीगर, पशुपालक वर्ग, कुटीर एवं लघु उद्योग मजदूर एवम संचालक आदि जो कि एक दबाव समूह के रूप में सरकार पर अपना दबाव बनाने में न तो सक्षम ही होते है न ही कोशिश करते है और इन्हें सरकारों की संवेदना एवम मर्जी से यदि कुछ मिल जाय तो वही काफी होता है। इस तरह समाज में आर्थिक असमानता पैदा होती और बढ़ती जाती है। सरकार एक दुधारू पशु के समान है (यहां एक दुधारू गाय भी कहा जा सकता था किन्तु प्रायः गाय का एक ही बच्चा होता है) जिसके दूध पर निर्भर अनेक बच्चे होते हैं लेकिन अधिकाधिक दूध वही बच्चा पी पाता है जो या तो दूसरों से बलिष्ठ होता है दूसरों से चौकस होता है या फिर सदैव मां के नजदीक रहता है। इस दृष्टि से यदि देखा जाय तो राजनीतिज्ञ ६ ठेकेदार वर्ग ६ उद्योगपति आदि कुछ वर्ग सरकार के सबसे बलिष्ठ बच्चा होता है और वह पेट ही नहीं मन भर करके दूध पीने में कामयाब रहता है। इसके बाद सरकारी अमले में शामिल अधिकारी कर्मचारी वर्ग सबसे नजदीक रहने वाला पूत होता है, पेट भरकर दूध पीने में ही कामयाब नहीं होता बल्कि इतना पाने में कामयाब हो जाता है कि उल्टियां करता फिरता है। (यहां आशय लाखो में मिलने वाले वेतन और भत्तों आदि से ही है ...) बाकी सारे बच्चे कितना दूध पी पाते हैं यह उनकी किस्मत और मेहनत पर निर्भर करता है। कई बच्चे तो बिना कुछ पाए ही मर जाते हैं। एक बदनसीब दुधारु पशु जैसे अपने सभी बच्चों को समान रूप से दूध पिलाकर पालपोष नहीं पाती उसी भांति सरकार चाहते हुए भी सभी वर्गो को समान आर्थिक मदद नहीं कर पाती है और आर्थिक असमानता बढ़ती जाती है। गरीब मरते रहते हैं किन्तु गरीबी सैकड़ों वर्षों तक मुंह बाए खड़ी रहती है।दूसरा पहलू ये है कि समाज के आर्थिक रूप से संपन्न लोग भी अपने समकक्षों या फिर अपने से ऊपर/ बेहतर स्थिति वाले लोगों से ही आर्थिक संबंध बनाना चाहते हैं और अल्प आय वर्ग से दूरी बनाते चले जाते हैं। उदाहरण के लिए चाय कॉफी पीना है तो ढाबे को निम्न स्तरीय मानते हुए रेस्टोरेंट में ही पिएंगे। खरीदारी करनी है तो छोटे दुकादारों की बजाय बड़े शोरूम या मॉल में ही पसंद पूरी होगी। रिक्शा या ऑटो रिक्शा के बजाय अंतरराष्ट्रीय कम्पनी की ए सी टैक्सी में ही यात्रा करेंगे। इस तरह रुपया रुपए वालों कि तरफ ही अग्रगामी होता जाता है। अमीर और अमीर तथा गरीब और गरीब होते चले जाते हैं। स्पष्ट है कि रुपए वाले यदि अपना हाथ अपने से नीचे तबके वालों कि और बढ़ाना (क्रय करना अथवा सेवा लेना) शुरू करें तो रुपया ऊपर से नीचे की ओर अग्रगामी होगा और परिणाम बारिश के समान आयेगा। जैसे बारिश ऊपर से आकर नीचे धरती को संतृप्त करती है वैसे ही अमीरों का धन गरीबों को संतृप्त करेगा। ऐसा माना जाता है कि केंद्र या राज्य सरकारें वेतन एवं भत्तों के निर्धारण करने के समय एक आदर्श नियोक्ता की भूमिका में होती है और वेतन एवं सेवा शर्तें निर्धारित करते हुए निजी क्षेत्र के लिए एक प्रतिमान स्थापित करती हैं। किन्तु राजनीतिक स्वार्थ, कर्मचारी दबाव समूह की सक्रियता एवं तुष्टिकरण की नीति के चलते सरकारें अपने कर्मचारियों के वेतन भत्तों में अवांछनीय वृद्धि करती जा रही है जिसका पीछा करना या जिसे आदर्श मानकर चलना निजी क्षेत्र के लिए दूर की कौड़ी हो रहा है। परिणाम निजी क्षेत्र के कर्मचारियों और श्रमिकों में असंतुष्टि एवं रोश व्याप्त हुआ है। निजी क्षेत्र के कर्मचारियों और श्रमिकों में सरकारी कर्मचारियों के समक्ष हीनता का बोध व्याप्त हुआ है। सरकारी नौकरी में न्यूनतम स्तर वाला चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जहां लगभग 50,000 रुपए प्रतिमाह वेतन एवं भत्ते के तौर पर प्राप्त करके भी वेतन कम होने की मनोदशा से ग्रसित रहते हुए अपने कर्तव्य का निर्वाह पूरे तन मन से कर पाने में दिक्कत महसूस करता है वहीं निजी क्षेत्र में एक सुपरगुणवत्ता वाला कर्मचारी या अफसर को 50,000 रुपए महीना नहीं 6,00,000 रुपए का वार्षिक पैकेज बताकर अभिभूत कर दिया जाता है। निजी क्षेत्र का सुपर गुणवत्ता वाला कर्मचारी या अफसर सरकारी चपरासी के वेतन और भत्ते की समानता भी कभी नहीं कर पाता। केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को वेतन के अतिरिक्त विभिन्न भत्ते दे रही है जिसमें पाल्य शिक्षण भत्ता लगभग 60,000 रुपए सालाना पब्लिक स्कूल में पढ़ाने के लिए, जबकि आम नागरिक के बच्चो को तथाकथित मध्यान्ह भोजन, कुछ सौ रुपए की वर्दी किताबें और कुछ सौ रुपए बतौर छात्र वृत्ति देकर सरकार उससे ज्यादा पैसा टी वी पर इसके प्रचार प्रसार पर खर्च कर देती हैं। सरकारी कर्मचारी अपने परिवार या स्वयं के इलाज का खर्च दावा भुगतान लाखों रुपए प्रतिवर्ष ले ही लेते है। उसका सर दर्द या दांत दर्द भी हजारों लाखो की कीमत वसूल कर ही जाता है। आम आदमी या प्राइवेट सेक्टर में काम करने वालों को अपनी सीमित तनख्वाह सीमित आय में ही दवाई और पढ़ाई आदि सब कुछ करना होता है। सरकारी कर्मचारियों को यातायात भत्ते के तौर पर हजारों रुपए प्रतिमाह का भुगतान वेतन के साथ करने के बावजूद यदि वह कार्यालयीन कार्य से कहीं बाहर जाता है तो वह हजारों रुपए यात्रा एवं दैनिक भत्ते के तौर पर भुगतान के लिए दावा बिल प्रस्तुत करता है स एक दैनिक मजदूर या निजी क्षेत्र में काम करने वाले कामगार जिसे चार या पांच सौ रुपए मात्र प्रतिदिन की मजदूरी पाता है वह अपने घर से कार्यस्थल तक आने जाने में सैकड़ों रुपए जेब से खर्च करने को मजबूर होता है। सरकारों को एक आदर्श नियोक्ता के तौर पर वेतन भत्तों एवं सेवा शर्तों के निर्धारण में अपने डग उतने ही लंबे करने चाहिए जितना लंबा डग भरने में निजी क्षेत्र की टांग न फट जाय। निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के असंतुष्ट एवं हीन भावना ग्रस्त होने के कारण हमारा ओद्यौगिक और वाणिज्यिक विकास चरमरा गया है और हमारी जी डी पी विपरीत रूप में प्रभावित हो रही है। इसे दूर करने के लिए सरकार निजी क्षेत्र में कार्यरत श्रम शक्ति को भी शासकीय सहायता (सब्सिडी) देने के लिए आगे आए ताकि उनके वेतन भत्ते सरकारी कर्मचारियों के समान हो सके और आर्थिक असमानता की खाई को पाटने में मदद मिले। सरकार ने कहा है कि वह किसानों की आय 2022 तक दोगुना कर देगी। मै नहीं समझ पा रहा हूं इस दोगुना का मतलब क्या है। जहां तक मै समझ पा रहा हूं कि जिस किसान की आय प्रतिमाह डेढ़ हजार रूपए या प्रति वर्ष अठारह हजार है उनकी आय प्रतिमाह सरकार के दावे के मुताबिक तीन हजार और सालाना छत्तीस हजार हो जाएगी और जिन तथाकथित बड़े किसानों की आय प्रतिमाह दस हजार या सालाना एक लाख बीस हजार है वह प्रतिमाह बीस हजार यानी कि लगभग लगभग ढाई लाख हो जाएगी। वहीं सरकार का अदना सा चपरासी भी लगभग पांच लाख सालाना कमाई वेतन और भत्ते से कर रहा है। किसानों की आय में यह प्रस्तावित दोगुना बृद्धि कतई गले उतरने वाली नहीं है। सरकार को दोगुना के बजाय किसानों की आय प्रति वर्ष एक निर्धारित धनराशि के तौर पर सुनिश्चित करना चाहिए। अतः अल्प आय वर्ग, रेहड़ी पटरी वालों, भूमिहीन वर्ग, किसानों, पशुपालकों निजी क्षेत्र में कार्यरत कामगारों आदि की भी न्यूनतम आय सरकारी नौकरी में कार्यरत न्यूनतम स्तरीय कर्मचारियों (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों) के वार्षिक वेतन भत्तों के बराबर अवश्य सुनिश्चित की जाए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# समर में कूदते ही समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का जिन्ना प्रेम हुआ उजागर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बिलग्राम ग्रामीण मंडल कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी प्रकाश पाल ने कहा कि पिछले दिनों हरदोई जनपद में हुए कार्यक्रम में आए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने विवादित बयान देकर देश विरोधी तत्वों के मनोबल को बढ़ाने का काम किया । चुनाव आते ही अखिलेश का जिन्ना प्रेम हिलोरे मारने लगा है। आखिर ऐसा कौन सा इतिहास उन्होंने पढ़ा जिसमे जिन्ना को सरदार पटेल की बराबरी करते लिखा गया हो। अखिलेश का यह बयान देशभक्तों के भाव को आहत करती है। उन्हे देश के नागरिकों से माफी मांगनी चाहिए। उनके भाषणों को सुनकर छोटी क्लास के बच्चे मजाक बनाने लगे है चुनाव आते आते कही वह अपनी छवि पप्पू की तरह न बना ले। अखिलेश चुनाव से पहले ही हार मान चुके है इसलिए इस तरह के बचकाने और फिजूल के बयान दे रहे है। एक पूर्व मुख्यमंत्री इतिहास को तोड़ मरोड़ कर ऐसे हास्यपद बयान देगा तो जनता उसे खाक गद्दी पर बिठाएगी। जनता समझ रही है कि देश और प्रदेश का अगर कोई विकास कर सकता है तो वह सिर्फ मोदी और योगी ही कर सकते है। प्रदेश की जनता ने अखिलेश सरकार के पांच साल कैसे भुगते थे आज हर व्यक्ति भाजपा शासन को देखकर याद करता है। भाजपा




सरकार ने माफिया राज खत्म कर कानून का राज स्थापित किया। आज नौकरी पेशा से लेकर व्यापारी वर्ग बिना डरे अपना काम कर रहा है। गरीब जरूरतमंदों की सरकार ने राशन की व्यवस्था की, बिना किसी भेदभाव के घर दिए। प्रदेश के जिलों में स्वास्थ्य क्षेत्र को दुरुस्त रखने को मेडिकल कॉलेज बनवाए। अखिलेश यादव ने हास्यापद बयान देकर सरदार पटेल का भी मजाक बनाया जो कि कही से भी उचित नहीं जा। सरदार पटेल के देश के प्रति समर्पण भाव को भुला नहीं जा सकता। उन्होंने देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए बहुत बलिदान दिए। जिन्ना जैसे शख्स जिसने देश का बटवारा करने में कोई कोशिश नही छोड़ी उस को पटेल के समतुल्य बताना ही सरदार पटेल का अपमान करना है। अगर यही सोच रही तो चुनावों तक अखिलेश देश के राष्ट्र पिता ही न बदल दे। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष मंडल पदाधिकारी गण शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक गण बूथ कमेटी सदस्य गण मौजूद रहे।

# सत्य की राह पर चलने से ही समग्र जीवन का कल्याण संभव :आचार्य अशोक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिव सत्संग मण्डल के अध्यक्ष आचार्य अशोक ने कहा कि सत्य की राह पर चलने से ही समग्र जीवन का कल्याण संभव है। अहमद नगर के प्राथमिक विद्यालय में मण्डल द्वारा आयोजित वार्षिक धर्मोत्सव में उन्होंने कहा कि सत्य का साथ एवं असत्य व अन्ध विश्वास का निवारण सत्संग कहलाता हैद्यपरमात्मा ने मनुष्य को विशेष बुद्धि दी है। जिससे वह सत्य एवं असत्य का निर्णय कर सकता हैद्यइसीलिए मनुष्य समस्त जीवों में महान कहा गया हैद्यमनुष्य को चाहिए बुद्धिपूर्वक कार्य करे, अन्धश्रद्धा से नहींद्यमनमें संदेह होने पर संतों, महापुरुषों,धर्म ग्रंथों व पढ़ाई का सहारा लिया जा सकता है।सर्वोच्च तो बुद्धि ही हैद्यआचार्य ने कहा कि सत्य, और शिव अनुसरण करके ही समाज राष्ट्र और विश्व का कल्याण किया जा सकता है। लखनऊ मण्डल के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने कहा कि मनुष्य का अंतिम ध्येय तो ईश्वर प्राप्ति है ओर उसी में लीन हो जाना है।आध्यात्मिक प्रकृति के इस ज्ञान का अर्जन ही विद्या है।उन्होंने बताया कि संसार के सभी बड़े धर्मों के अनेक धर्म ग्रंथ हैं।परंतु उनमें भी कोई एक सर्व मान्य ग्रंथ है।जिससे उस धर्म विशेष की व्यवस्था चलती हैद्य सनातन हिंदू धर्म में भी अनेकानेक धर्म ग्रंथ होने पर भी वेदों को मूल धर्म ग्रंथ माना गया हैद्ययह सनातन काल से इस ६ ारापर विद्यमान है। कालान्तर में इसी से सभी धर्मों का उदगम हुआ,ऐसा लगता है।अतः सत्यान्वेषण हेतु वेद मनुष्यों का मार्गदर्शन करते चले आए हैं तथा उस विद्या को विद्वानों ने पाठ्यपुस्तकों में सरलता से सम्मलित किया हैद्यलखीमपुर के जिला प्रमुख जमुना प्रसाद ने ईशतत्व की चर्चा करते हुए कहा कि वह परमेश्वर जिसने सूरज चाँद तारे पशु पक्षी वनस्पति आदि समस्त संसार बनाया है वही हमारी स्तुति के योग्य है अन्य नहीं द्य अतः हमें बुद्धिपूर्वक विचार पूरी गम्भीरता के साथ करना होगा तभी हम ईशतत्व को समझ सकेंगे अन्यथा




नहीं द्यशिवत्व की प्राप्ति से ही अमत्व की प्राप्ति की जा सकती है। कहा कि उस एक परमेश्वर की अनादिकाल से विद्वान मनुष्य उपासना करते आये हैं। वही समस्त मनुष्यों का वंदनीय हैद्य सभी सत्पुरुषों ने उसी परमेश्वर की उपासना कर महानता पायी है और हमारे लिए प्रतीक रूप मन्दिर वनवाये जिनका नाम शिवालय रखाद्यशाहजहांपुर के जिलाध्यक्ष डॉ कालिका प्रसाद ने कहा कि हम शिव नाम से उस परमात्मा को याद करें। अपनें पूजाघरों में साकार रूप में अविनाशी परमतत्व के गुणस्वरूप रूपक शंकर भगवान की मूर्ति या चित्र लगायें, सम्भव हो तो परिवार के साथ अन्यथा अकेले ही आरती करें ।रात्रिकालमें सोने से पूर्व तथा प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में उठकर शौचादि से निवृत्त होकर सीधे बैठकर प्रकाश स्वरूप से ध्यान करें। परमात्माकी दया से आपका अन्तर जगमगा उठेगाद्यभगवान शिव की दया से आपका जीवन दिव्ध्य हो जायेगा, धन्य हो जायेगा।इस दिव्ध्य जीवन को आप धारण करें। हरदोई के जिला महामंत्री रवि लाल ने अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों के चक्रव्यूह से बाहर निकलने के उपाय बताए।वरिष्ठ सत्संगी रामअवतार ने दान और सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। व्यवस्था प्रमुख यमुना प्रसाद ने कहा कि व्यक्ति सत्संग के माध्यम से ही अच्छे संस्कार पा सकता है।समाज में नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना अध्यात्म से ही संभव है। हरदोई के जिलाध्यक्ष प्रेम भाई ने बताया कि शिवोपासना से ही समग्र जीवन का कल्याण संभव है।मोहित राजपूत के संचालन में हुए धर्मोत्सव का शुभारम्भ राज कुमार सत्संगी ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं बहिन अंजली व रंजना ने सामूहिक ईश प्रार्थना से किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहजहांपुर के रघुनाथ ने की।प्रेम प्रकाश,भैयालाल,बहिन खुशबू,नेहा,अंजली,रंजना,अंशुलता, ने प्रेरणादायी भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर लिया। सत्संगी राम कुमार,देव सिंह,स्वामी दयाल आदि सत्संगी जनों ने धर्मोत्सव को भव्य बनाने में विशेष योगदान दिया।

# खाली पदों पर भर्ती की मांग को लेकर प्रतियोगियों ने किया प्रदर्शन

प्रयागराज ब्यूरो : युवा मंच के बैनर तले प्रतियोगी छात्रों ने विभिन्न आयोगों में फंसी भर्ती की प्रक्रिया पूरी करने की मांग को लेकर मंगलवार को बालसन चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान जोरदार नारेबाजी भी की गई। प्रतियोगी छात्र हाथ में तख्तियां लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। प्रतियोगियों ने 27 हजार शिक्षक भर्ती टीजीटी–पीजीटी का परिणाम शीघ्र जारी करने, यूपीपीएससी में फंसी भर्तियों को शीघ्र पूरा करने आदि की मांग की। बता दें कि एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा में कला विषय के चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति फंसी हुई है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) दो माह पहले ही चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की संस्तुति माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को भेज चुका है। एलटी ग्रेड शिक्षकों के 10768 पदों पर भर्ती के लिए 29 जुलाई 2018 को परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें कला विषय के 470 पद शामिल थे। कला विषय के अभ्यर्थियों के लिए बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) के साथ बीएड की डिग्री की अर्हता निर्धारित की गई थी, लेकिन परीक्षा में बहुत से ऐसे अभ्यर्थी शामिल हो गए थे, जिन्होंने केवल बीएफए किया था। उनके पास बीएड की डिग्री की नहीं थी। परीक्षा में ऐसे 90 अभ्यर्थियों का चयन हो गया। आयोग ने इन अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन तो कराया, लेकिन माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को फाइलें नहीं भेजीं। इसी तरह सहायक सांख्यिकी अधिकारी (एएसओ) के एक हजार से अधिक पदों पर भर्ती फंसी हुई है। एससओ के पदों पर भर्ती की जिम्मेदारी पहले उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के पास थी, लेकिन अब इन पदों पर भर्ती का जिम्मा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) को सौंप दिया गया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि यूपीएसएसएससी विज्ञापन जारी करने और परीक्षा कराने में विलंब कर रहा है। परीक्षा के इंतजार में ओवरएज हो रहे अभ्यर्थियों के लिए चयन के अवसर घट रहे हैं। अभ्यर्थियों ने यूपीपीएससी में ज्ञापन देकर मांग की है कि यूपीपीएससी पूर्व की भांति एएसओ के पदों पर भर्ती कराए। सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के खाली चल रहे 27 हजार पदों पर भर्ती की मांग को लेकर भी प्रतियोगी लंबे समय से आंदोलनरत हैं। इसको लेकर अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड कार्यालय पर प्रदर्शन भी कर चुके हैं। उनकी मांग है कि नए विज्ञापन को लेकर शीघ्र अधियाचन मांगा जाए, जीव विज्ञान–2016 लिखित परीक्षा का परिणाम शीघ्र घोषित किया जाए और साक्षात्कार में चार गुना अभ्यर्थियों को बुलाया जाए।

# बिना रजिस्ट्रेशन और डिग्री के संचालित हो रहा अस्पताल मेडिकल स्टोर डायग्नोस्टिक सेंटर खुशखबरी सेंटर : जिम्मेदार मौन

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सीएम सिटी में बिना रजिस्ट्रेशन व डिग्री के चल रहे है अस्पताल , मेडिकल स्टोर ,डाइग्नोस्टिक सेंटर, खुशखबरी सेंटर, धड़ेले से चल रहे है सबसे अधिक चौरी चौरा, पिपराइच, झगहा, नई बाजार, भोपा बाजार, गोला, उरूवा बाजार बड़हलगंज, सिकरीगंज, कौड़ीराम, बरही, भटहट बाजार, घुघुलि, बैलों बाजार, फुटहवा इनार, गोरखपुर शहर, मोतीराम, ऐसे तमाम छोटे बड़े कस्बे और चौराहे है जहां पर यह चल रहे है लेकिन गौरतलब यह है कि इनकी सुध लेने वाला कोई नही स्थानीय लोगों का आरोप यह है कि जांच तो आती है इन संचालकों के यह कहा है कि साहब जब शिकायत पर आते है तो रेट बढ़ जाता हैं जब इस मामले पर साहब से बात की गई तो उन्होंने कहा यह सब बात झूठी है जांच जाती है तो कार्यवाही जरूर होती है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर

आर एल पाण्डेय लखनऊ। जवाहर नवोदय विद्यालय, पिपरसंड, लखनऊ जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा –२०२२ (कक्षा 6 में प्रवेश) हेतु आवश्यक सूचनायें–आवेदन करने के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों की आवश्यकता होगी जो आवेदन करते समय वैबसाइट पर अपलोड किए जाएँगे. झ ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का केवल एक ही चरण है। ऑनलाइन आवेदन प्रमाण पत्र जो कि आवेदक एवं परिजन के हस्ताक्षर सहित होना अनिवार्य है। इस वैबसाइट पर अपलोड किया जाना है। आवेदन प्रारम्भ करने से पहले कृपया निम्नानुसार स्कैंड कॉपी तैयार रखें 1) अभ्यर्थी के हस्ताक्षर (हस्ताक्षर की इमेज का आकार 10–100 के.बी के बीच होना चाहिए।) 2) अभिभावक के हस्ताक्षर (हस्ताक्षर की इमेज का आकार 10–100 के.बी के बीच होना चाहिए।) 3) अभ्यर्थी का फोटोग्राफ (फोटोग्राफ का आकार 10–100 के.बी के बीच होना चाहिए।) (4) अभिभावक तथा अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र (हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र का आकार 50–300 के.बी के बीच होना चाहिए।) झ अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण केवल केन्द्रीय सूची के अनुसार दिया जाएगा। केन्द्रीय सूची के अन्तर्गत नहीं आने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी कृपया सामान्य अभ्यर्थी के रूप में आवेदन करें।आवश्यक योग्यताएँ 1 आवेदक वर्तमान सत्र 2021–22 में लखनऊ जिले के किसी भी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय की कक्षा 5 में अध्ययनरत होना चाहिए। 2) आवेदक की जन्म तिथि 01–05–2009 से 30–04–2013 (दोनों तिथियों भी शामिल) 3) आवेदन की अंतिम तिथि– 30–11–2021 परीक्षा की तिथि– 30–04–2022 समय 11:30 ।ड जवाहर नवोदय विद्यालय लखनऊ की हेल्पलाइन नंबर (1)9415490134 (2) 9412867677 (3)9161651425 आवेदन करने, विस्तृत जानकारी एवं प्रदेश विवरणिका (च्त्वेच्म्ब्ज्नै) के लिए ू दंअवकलं.हवअ.पद पर देखें । उक्त जानकारी प्राचार्य विजय कुमार बाजपेयी ने दी।

# इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

आर एल पाण्डेय लखनऊ। पुलिस आयुक्त डी०के० ठाकुर के निर्देशन, पुलिस उपायुक्त दक्षिणी गोपाल कृष्ण चौधरी के मार्गदर्शन, अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी राजेश कुमार श्रीवास्तव व सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी आशुतोष कुमार के पर्यवेक्षण , प्रभारी निरीक्षक पारा राजेश कुमार मय हमराही फोर्स के द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना पारा लखनऊ पर पंजीकृत मु.अ.स. 538/21 धारा 376 भादवि. में वांछित अभियुक्त दिव्यांशू यादव पुत्र हरिशंकर यादव निवासी बादल खेड़ा थाना पारा जनपद लखनऊ उम्र करीब 22 वर्ष को बुद्धेश्वर फ्लाई ओवर ढलान के पास सर्विस लेन से गिरफ्तार किया गया।

# स्वीप के अंतर्गत 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी महिला मतदाताओं को किया गया जागरूक

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी विजय किरन आनंद के निर्देशन में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर कुलदीप मीना के नेतृत्व में स्वीप के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर महाविद्यालय आर्य नगर में 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी महिला मतदाताओं को जोड़ने तथा अधिक से अधिक मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक सदर तहसीलदार एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह तहसीलदार न्यायिक नीलम तिवारी बृजमोहन शुक्ला तहसीलदार न्यायिक नीलम तिवारी के मौजूदगी में किया गया आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में अधिक से अधिक नए मतदाता जोड़कर ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें राष्ट्र निर्माण के लिए योग्य सरकार बनाने में अपनी अहम योगदान दें।यदि मतदाता सूची स्वच्छ एवं पारदर्शी है तो निर्वाचन में कोई कठिनाई नहीं आएगी। इसी मतदाता सूची को पुनरीक्षित करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया है। अभियान के दौरान सभी बूथों पर बीएलओ द्वारा सूची प्रदर्शित की जाएगी। मतदाता अपने–अपने बूथों पर जाकर मतदाता सूची देखें। यदि सूची में उनका नाम नहीं है अथवा नाम गलत है तो वहीं पर बीएलओ के माध्यम से फार्म प्राप्त कर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करा सकते हैं। इसके साथ ही जो युवा एक जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं वह भी अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराकर आगामी विधानसभा निर्वाचन एवं आगे वाले सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। इस दौरान अर्ह मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाना, मृतक, डुप्लीकेट अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम सूची से विलोपित किया जाना,





महिलाओं मतदाता जिनकी संख्या जनसंख्या के अनुपात में कम पंजीकृत है उनके लिए पंजीकरण पर विशेष ध्यान एवं दिव्यांग मतदाताओं का पंजीकरण किया जाना है। इसके साथ ही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। तहसीलदार न्यायिक सरस्वती विद्या मंदिर महाविद्यालय आर्य नगर की छात्राओं से अपील करते हुए कहा है कि मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं तथा आगे आने वाले निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। अपने घर व आसपास के लोगों के कम से कम 10 फॉर्म भरकर अपने बीएलओ को अवश्य दें। साथ ही सभी नागरिक अपने मोबाइल पर वोटर हेल्पलाइन एप अनिवार्य रूप से डाउनलोड करें।

# शादी के नाम पर कभी रिश्तेदार घबराते थे : अब मंत्री बांट रहे कार्ड–सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीब कन्याओं के विवाह के लिए सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सरकार की प्रतिबद्धता बताया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब गरीब की बेटियों की शादी में होने वाले खर्च के डर से रिश्तेदार–नातेदार भी घबराते थे। किसी सरकार ने भी इस पर गौर नहीं किया, लेकिन अब गरीब कन्याओं की शादी के कार्ड प्रदेश के मंत्री, विधायक और अधिकारी बांट रहे हैं। पूरा समाज गरीब बेटियों की शादी में उत्साह के साथ सामूहिक विवाह के कार्यक्रमों में शिरकत करता है। मुख्यमंत्री ने यह बातें सोमवार को यहां से गाजियाबाद के नेहरू पार्क में श्रम विभाग की ओर से आयोजित गाजियाबाद, हापुड़ एवं बुलंदशहर के 2306 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह में वर्चुअल आशीर्वाद देने के बाद कहीं।



उन्होंने कहा कि पहली बार किसी सरकार द्वारा शुरू गई 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' से सामाजिक समरसता बढ़ रही है। इसके अंतर्गत अब तक 1.75 लाख से अधिक गरीब कन्याओं के विवाह हो चुके हैं। यह योजना बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसे कुरीतियों और रूढ़िवादी परंपराओं पर अंकुश लगाने में कारगर सिद्ध हो रही है।

# यमदग्निपुरम में माता अन्नपूर्णा का हुआ भव्य स्वागत : लाखो श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 11 नवंबर को दिल्ली से शुरू हुई मां अन्नपूर्णा की शोभा यात्रा 14 नवम्बर को अपने चौथे पड़ाव पर यमदग्नि ऋषि के नगरी जौनपुर में पहुंची। जौनपुर और प्रतापगढ़ के बॉर्डर मुंगराबादशाहपुर में शोभायात्रा के वाहन को रात्रि 9 बजे रिसीव कर ब्राह्मणों के मंत्रोचार और शंख की ध्वनि के साथ शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा की विशेष पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, राज्य सभा सदस्य सीमा द्विवेदी, राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष मछलीशहर रामविलास पाल, विधायक गण रमेश मिश्रा, हरेन्द्र प्रसाद सिंह जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, सुरेश गुप्ता, विनीत शुक्ला, नगरपालिका अध्यक्ष सिवगोविंद साहू, सतेन्द्र सिंह फंटू सहित तमाम सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूजा अर्चना के उपरांत मां अन्नपूर्णा की शोभा यात्रा पूरे नगर में भ्रमण कर श्रद्धालुओं को दर्शन दी। भ्रमण के पश्चात पवारा, मछलीशहर, सिकरारा, लाला बाजार, फतेहगंज, नईगंज में शोभायात्रा का पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत हुआ। लगभग 1:00 बजे रात्रि में पॉलिटेक्निक चौराहे पर शोभायात्रा पहुंची, अर्ध रात्रि के बावजूद हजारों श्रद्धालु महिलाओ सहित माता अन्नपूर्णा का दर्शन पूजन, आरती और संख ध्वनि के साथ पूजा अर्चना की। जिसमे मुख्य रूप से जिला महामंत्री ई अमित श्रीवास्तव, जिला मंत्री अभय राय, नगर मण्डल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, जिला आई टी संयोजक रोहन सिंह, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अनिल गुप्ता, किसान मोर्चा के महामंत्री इन्द्रसेन सिंह, पिछड़ा मोर्चा के महामंत्री प्रमोद प्रजापति और जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अवधेश सोनकर सहित भारत विकास परिषद एवं गंगा समग्र विकास के बैनर तले उनके सैकड़ो सामाजिक कार्यकर्ता ने बढ़ चढ़कर शोभायात्रा के वाहन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। महादेव सेना के अध्यक्ष विमल सिंह ने अपनी पूरी टीम लेकर माता अन्नपूर्णा की शोभायात्रा के आगे–आगे जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। रुहट्टा में फिरतू राम पपड़ी की दुकान पर बूथ अध्यक्ष दिनेश साहू के साथ सैकड़ो महिलाये पुरुष ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। दीपक श्रीवास्तव जिला मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा के मकान के सामने प्रियंका श्रीवास्तव खुशबू सहित सैकड़ों महिलाओं ने आरती कर माता अन्नपूर्णा की दर्शन की। रुहट्टा में ही नगर पालिका बालिका विद्यालय के सामने भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने अपने पूरे परिवार के साथ माता अन्नपूर्णा के दर्शन कर पूजा अर्चना की। चौरसिया पेंट स्टोर के सामने मनीष चौरसिया अपने पूरे परिवार के साथ दर्शन किए, शाही पुल पर संस्कार भारती ने अपनी पूरी टीम के साथ माता अन्नपूर्णा की शोभा यात्रा का भव्य स्वागत की। चहारसू चौराहा पर बोलबम कांवरिया संघ की पूरी टीम शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उसके उपरांत कोतवाली चौराहा पर स्वागत के लिये लगे हुए पंडाल में जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता एवं जिला मंत्री राजू दादा अपने अपने परिवार के साथ सैकड़ों महिलाएं सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे। जिन्होंने ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोचार कर विधिवत पूजा अर्चना की। कोतवाली चौराहा पर शोभायात्रा वाहन दर्शन के लिये कुछ देर तक रुकी रही, हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजा अर्चना की। रात्रि 2:20 बजे कोतवाली चौराहा से चलकर चहारसू चौराहा, सदभावना पुल, कलेक्ट्री कचहरी, अम्बेडकर तिराहा, गाँधी तिराहा, जगदीश पुर क्रांसिंग होते हुये जब सिरकोनी ब्लॉक पर पहुची तो सैकड़ो कार्यकर्ता ने पूजा अर्चना की।सिरकोनी बाजार, जलालपुर चौराहा और त्रिलोचन बाजार में पुष्पवर्षा और आरती कर भव्य स्वागत किया गया, उसके उपरान्त जौनपुर और वाराणसी बार्डर औद्योगिक क्षेत्र में शोभायात्रा के वाहन को वाराणसी में पहुँचा कर वाराणसी के टीम को रिसीव कर सभी कार्यकर्ता वापस चले आये।

# थाना बदलापुर पुलिस ने एक तमंचा 32 बोर के साथ हत्या का प्रयास करने वाले वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक, अजय साहनी जनपद जौनपुर व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के दिशानिर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के तहत श्रीमान क्षेत्राधिकारी बदलापुर के पर्वेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक बदलापुर के नेतृत्व में उ0नि0 अवधनाथ यादव हमराह उ0नि0 विरेन्द्र प्रताप तिवारी, का0 अजीत यादव व का0 द्विवेश यादव थाना बदलापुर जौनपुर द्वारा थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 376/19 धारा 147,148,149,307,506 भा0द0वि0 के वांछित अभियुक्त हर्षित सिंह उर्फ साहिल पुत्र अवनीश सिंह निवासी ग्राम उदपुर घाटमपुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर को मुखबीर के सूचना पर रामजानकी तिराहा बहद ग्राम सरोखनपुर के पास से अभियुक्त उपरोक्त को एक अदद अवैध तमंचा 32 बोर के साथ आज दिनांक 15.11.21 को समय 9.15 बजे गिरफ्तार किया गया। अवैध तमंचा 32 बोर की बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 147/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम अभियुक्त उपरोक्त हर्षित सिंह उर्फ साहिल पुत्र अवनीश सिंह निवासी ग्राम उदपुर घाटमपुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर के पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। सम्बन्धित मुकदमा– 1. मु0अ0सं0




376/19 धारा 147, 148, 149, 307, 506 भा0द0वि0 थाना बदलापुर जौनपुर। पंजीकृत मुकदमा– 1. मु0अ0सं0 147/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बदलापुर जौनपुर। गिरफ्तार अभियुक्त – 1.हर्षित सिंह उर्फ साहिल पुत्र अवनीश सिंह निवासी ग्राम उदपुर घाटमपुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. एक अवैध तमंचा 32 बोर। गिरफ्तार करने वाली टीम दृ 1. उ0नि0 अवधनाथ यादव थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 बिरेन्द्र प्रताप तिवारी थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 3. का0 अजीत यादव थाना बदलापुर जौनपुर। 4. का0 द्विवेश यादव थाना बदलापुर जौनपुर।

# कांग्रेस ने आगामी चुनाव में 40 फीसदी टिकट महिलाओं को देने का किया ऐलान

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : कांग्रेस महासचिव प्रियंका गाँधी कल 17 नवंबर को चित्रकूट में महिलाओं के साथ 'लड़की हूँ– लड़ सकती हूँ' संवाद करेंगी। यह कार्यक्रम कल दोपहर चित्रकूट के रामघाट पर होगा जिसमें बड़ी तादाद में महिलाएँ शामिल होंगी। यह जानकारी देते हुए पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ.उमाशंकर पांडेय ने बताया कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गाँधी यूपी को बदहाली से निकालने की नयी उम्मीद बनकर आयी हैं। उन्हें लेकर महिलाओं में खघसा उत्साह है। उन्होंने 'लड़की हूँ–लड़ सकती हूँ' का जो नारा दिया है, वह महिला सशक्तीकरण का नया प्रतीक बन गया है। इसी अभियान के तहत चित्रकूट में 'लड़की हूँ–लड़ सकती हूँ' संवाद आयोजित किया जा रहा। इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह है। हजारों की तादाद में महिलाएँ इस संवाद में हिस्सा लेंगी। डा.पांडेय ने बताया कि यूपी की योगी सरकार ने जिस तरह से उत्तर प्रदेश को अपराध प्रदेश में बदल दिया है उसका सबसे ज्यादा खामियाजा महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। प्रियंका गाँधी ने अपने संघर्ष में उन्हें शामिल होने का आह्वान किया है जिसका व्यापक असर नजर आ रहा है। कांग्रेस ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए पूरी योजना बनायी है। कांग्रेस ने आगामी चुनाव में 40 फीसदी टिकट महिलाओं को देने का ऐलान किया है। इसके अलावा कांग्रेस सरकार बनने पर लड़कियों को स्कूटी और स्मार्टफोन दिया जायेगा। सरकारी बसों में महिलाओं के लिए यात्रा मुफ्त होगी। नये सरकारी पदों में आरक्षण प्रावधानों के तहत 40 फीसदी नियुक्ति महिलाओं को दी जायेगी। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दस हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जायेगा। साथ ही वृद्धा और विधवा पेंशन एक हजार रुपये प्रतिमाह की जाएगी। इसके अलावा वीरांगनाओं के नाम पर प्रदेश के 75 दक्षता विद्यालय खोले जायेंगे। इसके अलावा हर साल तीन गैस सिलेंडर मुफ्त दिये जायेंगे। डा.पांडेय ने कहा कि महिलाओं को लेकर किए गये ये तमाम वादे केवल वादे नहीं हैं, बल्कि प्रियंका गाँधी की प्रतिज्ञाएँ हैं जिन्हें पूरा करने के लिए लाखों कांग्रेस जन रात–दिन एक कर रहे हैं। यूपी की महिलाएँ प्रियंका गाँधी के नेतृत्व में अगले विधानसभा चुनाव में बीजेपी के कुशासन का अंत करेंगी।

## नेशनल हाईवे पर ट्रक और स्कूल बस की टक्कर : दस से अधिक शिक्षक घायल

चंदौली ब्यूरो : चंदौली जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर मंगलवार की सुबह कटसिला स्थित पेट्रोल पंप के पास शिक्षकों से भरी स्कूली बस और ट्रक में भिड़ंत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भाग गया। इस घटना में बस में सवार दस से अधिक शिक्षक जख्मी हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली के कटशिला पेट्रोल पंप की ओर से स्कूल बस शिक्षकों को लेकर मझवार स्थित स्कूल जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक से टक्कर हो गई। इससे स्कूल की बस के परखच्चे उड़ गए। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भाग गया। इस दौरान घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और बस में फंसे शिक्षकों को बाहर निकाला। बस में सवार रंजन शेख(27), अदिति कुमारी(23), कुलदीप कौर(35), अजय कुमार सिंह(32), सोनम कुमारी(23), अशोक कुमार राय(52), दिगंबर सिंह(50), सौम्या चौरसिया(22), बेबी सिंह(38), पदमा सिंह(26) घायल हो गए। उन्हें आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। सभी शिक्षक भदलपुरा गांव स्थित प्रिंस अशोका कॉलेज के शिक्षक बताए जा रहे हैं।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई सुइथाकला का चुनाव हुआ सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला अध्यक्ष अमित सिंह की उपस्थिति में चुनाव पर्यवेक्षक अश्वनी कुमार सिंह व चुनाव अधिकारी जिला संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह , ब्लाक अध्यक्ष मड़ियाहूं विशाल सिंह जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश सिंह व जिला प्रचार मंत्री पारस नाथ यादव की देख–रेख में ब्लाक इकाई सुइथाकला का चुनाव ब्लाक संसाधन केंद्र सुइथाकला जौनपुर में सम्पन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से सुधाकर सिंह को अध्यक्ष चुना गया। जबकि डॉ निशाकांत यादव को मंत्री पद के लिए चुना गया। इसके साथ ही संयुक्त मंत्री पद पर अजय कुमार यादव ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रमेश सिंह, महिला उपाध्यक्ष रीता रजक कोषाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार, व मीडिया प्रभारी पद पर त्रिवेणी प्रसाद बिंद सहित कार्यसमिति के सभी 22 पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से चुना गया। ब्लाक अध्यक्ष चुने जाने पर सुधाकर सिंह ने कहा कि यह ब्लाक के सम्मानित शिक्षकों का विश्वास व स्नेह है जिसके परिणाम स्वरूप मुझे ब्लाक अध्यक्ष का दायित्व मिला है। मैं पूरी कार्यसमिति की तरफ से सभी शिक्षकों को आश्वस्त करता हूं आपके मान सम्मान की रक्षा के लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे। जिलाध्यक्ष अमित सिंह नवनिर्वाचित कार्यसमिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपदीय इकाई को पूर्ण विश्वास है कि सुइथाकला कार्यसमिति पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेगी। इससे पहले संगठन मंत्री व चुनाव पर्यवेक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने नवनिर्वाचित कार्यसमिति को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य रणजीत सिंह व संचालन पारसनाथ यादव ने किया। इस अवसर पर ,संजय सिंह ओमप्रकाश सिंह राधेश्याम अजय मिश्र हरेंद्र गौतम राय साहब सिंह अरविंद यादव रविन्द्र भास्कर गिरीश यादव मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नगर दक्षिणी मण्डल कार्यकारिणी की बैठक वाजिदपुर मे सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के नगर दक्षिणी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक नगर दक्षिणी के अध्यक्ष शिवकमल मौर्या के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि नगर अध्यक्ष भाजपा अमित श्रीवास्तव एवं जिला महामंत्री संजीव गुप्ता रहे। तथा संचालन मण्डल महामंत्री रोहित मौर्य ने किया। बैठक में पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि कर बैठक का शुभारंभ किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को पार्टी की रीति नीति से अवगत कराया तथा उनके कार्य को बताने के साथ ही केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को बताया। बैठक के विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री संजीव गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपनी सक्रियता को हमेशा बनाए रखें और पिछड़ा मोर्चा के काम को नंबर वन पर लाने का कार्य करे। विशिष्ट अतिथि भाजपा नगर दक्षिणी के मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। कार्यकर्ताओं को उनके कार्य कैसे करने है इसको विस्तार से बताया। बैठक में उपाध्यक्ष गण सौरभ जायसवाल, संदीप सोनी महेश मौर्य, मंत्री श्रीमती पार्वती कुमारी गुप्ता, कोषाध्यक्ष तेज बहादुर सेठ ,मीडिया प्रमुख रवि विश्वकर्मा, सोशल मीडिया प्रमुख नरसिंह प्रजापति इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा युवा मोर्चा जौनपुर मंडल जमुनिया में सदस्यता अभियान का कार्यक्रम संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा युवा मोर्चा जौनपुर मंडल जमुनिया में सदस्यता अभियान का कार्यक्रम कराया गया जिसके




अंतर्गत आम जनमानस सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आलोक तिवारी महामंत्री राणा सिंह अंकित सिंह मीडिया प्रभारी सुरेश गॉड प्रशांत सिंह अजीत सिंह तथा अभियान के प्रभारी ग्राम प्रधान दिलीप बिन की मौजूदगी में लोगों ने सदस्यता अभियान किया।

## उदयगंज में लगा टीकाकरण शिविर

आर एल पाण्डेय लखनऊ। उदयगंज में आज इस्लाम अली युवा कांग्रेस सदस्य द्वारा श्यामाचरण जूनियर हाई स्कूल में कोविड टीकाकरण शिविर लगाया गया। सार संस्थान के जोनल निदेशक मनीष नागर ने बताया कि 250 लोगों ने टीकाकरण कराया।

## साहित्य भूषण सम्मान से किया गया सम्मानित

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिले की मशहूर कवयित्री व गजल कार अखिलेश तिवारी ''डॉली'' डॉली सुलतानपुरी को साहित्यिक



भूषण सम्मान से नवाजा गया। साहित्य की दुनिया मे गजल व गीत की पहचान बन चुकी डॉली सुलतानपुरी को अंतरराष्ट्रीय काव्य रंगोली पत्रिका के संस्थापक द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षा में अध्ययनरत डॉली सुल्तानपुरी द्वारा रचित गीत,गजल अबतक सैकड़ों की संख्या में छप कर लोगों के सामने आ चुके है,हिंदी क्षेत्र से अपनी शिक्षा की शुरुआत करने के उपरांत उर्दू के शब्दों पर भी अपनी मजबूत पकड़ रखती है जो गजल और गीत की शोभा बढ़ाते है अंतरराष्ट्रीय काव्य रंगोली हिंदी साहित्यक पत्रिका के संस्थाप –क आशुकवि नीरज अवस्थी की स्मृति में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में सम्मान से नवाजा गया। कवि सम्मेलन समारोह दीप प्रज्वलित कर लखीमपुर खीरी में आयोजित हुआ। जिसमें फारुख सरल,संजीव मिश्र व्योम,मनोज मिश्र, अंबरीश श्रीवास्तव,प्रमोद द्विवेदी,शशिकांत तिवारी,मुन्ना लाल मिश्र,रचना अवस्थी, मनोज मिश्र,सूरज मिश्र,माही मिश्र सहित हजारों की संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

# थाना सरपतहाँ पुलिस ने 02 शातिर लूटेरों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक सरपतहां श्री बिजेन्द्र सिह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 15.11.2021 को उ0नि0 रामनरायण गिरी मय हमराह व उ0नि0 रामदवर यादव मय हमराह पुलिस बल के द्वारा मुखबीर की सूचना पर मय फोर्स के गौसपुर तिराहे वहद ग्राम काजीपुर के पास से समय प्रातः 07.30 बजे थाना क्षेत्र में पूर्व में हुयी लूट व चोरी के माल के साथ दो अभियुक्तो क्रमशः 1. सानू माली पुत्र श्री छोटेलाल माली निवासी पट्टीनरेन्द्रपुर थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर व 2. अरविन्द कुमार दुबे उर्फ चण्डाल पुत्र श्री देवी प्रसाद दुबे निवासी पट्टीनरेन्द्रपुर थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। उक्त अपराधियों द्वारा थाना क्षेत्र में गम्भीर प्रकृति के विभिन्न अपराध कारित किया गया है जिनका काफी लम्बा आपराधिक इतिहास है। गिरफ्तारी , बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना सरपतहाँ पर अभियोग पंजीकृत कर चालान मा0न्यायालय किया जा रहा है। अभियुक्तो की गिरफ्तारी व लूट/चोरी की माल बरामद होने से जहां पीडितों को खुशी मिली है, वहीं जनपद में अपराधों पर अंकुश लगेगा। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1. सानू माली पुत्र श्री छोटेलाल माली निवासी पट्टीनरेन्द्रपुर थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर। 2. अरविन्द कुमार दुबे उर्फ चण्डाल पुत्र श्री देवी प्रसाद दुबे निवासी पट्टीनरेन्द्रपुर थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर। बरामदगी माल का विवरण– 1.लूट के 11000 रुपये नगद, 2.चोरी की एक इलेक्ट्रिक ड्रिल मशिन, 3. चोरी की 02 मोबाईल, 4.चोरी की एक जोड़ी चाँदी के पायल, 5. चोरी के 5000 रुपये नगद, 6.लूट में प्रयुक्त 01 अवैधा तमन्चा व 02 जिंदा कारतूस व चोरी की एक मोटरसाईकिल, पंजीकृत अपराध का विवरण दृ 1. मु0अ0स0 195/2021 धारा 41 द0प्र0सं0 व 411/414 भादवि थाना सरपतहां जौनपुर। 2. मु0अ0स0 196/2021 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना सरपतहां जौनपुर। गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास– सानू माली– 1. मु0अ0सं0–194/206 धारा



380 भा0द0वि0 थाना सरपतहाँ जौनपुर। 2. मु0अ0स0 204/17 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सरपतहां जनपद जौनपुर, 3. मु0अ0स0 363/2017 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना सरपतहाँ जौनपुर। 4. मु0अ0स0 624/2017 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सरपतहां जनपद जौनपुर, 5. मु0अ0स0 नील/17 धारा 41/109 द0प्र0सं0 थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 6. मु0अ0सं0 39/2018 धारा 457/380 भादवि थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर, 7. मु0अ0सं0 06/2021 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सरपतहां जनपद जौनपुर, 8. मु0अ0सं0 159/2021 धारा 392/411 भादवि थाना सरपतहां जनपद जौनपुर, 9. मु0अ0स0 195/2021 धारा 41 द0प्र0सं0 व 411ध414 भादवि थाना सरपतहां जौनपुर, 10. मु0अ0स0 196/2021 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना सरपतहां जौनपुर, 11. मु0अ0सं0 192/2021 धारा 380/411 भादवि थाना सरपतहाँ जौनपुर, 12. मु0अ0सं0 193/2021 धारा 380/411 भादवि थाना सरपतहाँ जौनपुर, अरविन्द कुमार दुबे उर्फ चण्डाल दृ 1. मु0असं0 66/2011 धारा 323/504/324/506 भादवि थाना सरपतहाँ जौनपुर, 2. मु0अ0सं0 145/2011 धारा 110 जी सीआरपीसी0 थाना सरपतहाँ जौनपुर 3. मु0अं0सं0 39/2018 धारा 457/380 भादवि थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर, 4. मु0अ0सं0 103/2021 धारा 379 भादवि थाना सरपतहाँ जौनपुर, 5. मु0अ0सं0 104/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सरपतहाँ जौनपुर 6. मु0अ0सं0 192/2021 धारा 380/411 भादवि थाना सरपतहाँ जौनपुर 7. मु0अ0सं0 193/2021 धारा 380/411 भादवि थाना सरपतहाँ जौनपुर 8. मु0अ0स0 195/2021 धारा 41 द0प्र0सं0 व 411/414 भादवि थाना सरपतहां जौनपुर 9. मु0अ0स0 196/2021 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना सरपतहां जौनपुर 10. मु0अ0सं0 159/2021 धारा 392/411 भादवि थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. उ0नि0 रामनरायण गिरी थाना सरपतहाँ जौनपुर। 2.उ0नि0 रामदवर यादव, हे0का0 पारसनाथ यादव, का0 आशिष यादव, का0 रोहित शाहू थाना सरपतहाँ जौनपुर।

## पत्रकार नेहा तिवारी को मेरी आवाज सुनो जन कल्याण समिति पंजीकृत एनजीओ मे मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया

प्रयागराज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : प्रयागराज मे न्यूज धमाका (सच ही दिखेगा) पत्रकार नेहा तिवारी को मेरी आवाज सुनो जन कल्याण समिति पंजीकृत एनजीओ मे प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। मेरी आवाज सुनो जन कल्याण समिति पंजीकृत एनजीओ के संस्थापक राष्टीध्य अध्यक्ष परम आदरणीय गुरु जी पंडित आर डी शर्मा ने प्रयागराज की युवा समाज सेविका पत्रकार नेहा तिवारी को मेरी आवाज सुनो जन कल्याण समिति पंजीकृत एनजीओ का प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एंव शुभकामनाए समिति के व्दारा उज्जवल



भविष्य की कामना किया।

# महंगाई को लेकर कांग्रेसियों ने निकाली रैली

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : महंगाई से देश की जनता मर रही है, हाहाकार मचा हुआ है लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार और उसके नेता कुम्भकरनी नींद में सो रहे हैं , लगातार खाद्य पदार्थो के सामानों में बेतहाशा बृद्धि हो रही है ,डीजल ,पेट्रोल का दाम आसमान छू रहा है , किसान परेशान है , नौजवान आत्म हत्या करने को मजबूर है , महिलाओं के साथ आये दिन बलात्कार करके उनकी हत्या कर दी जा रही है , दलितों अल्पसंख्यको के ऊपर रोज हमला हो रहा है , अगर कांग्रेस पार्टी आवाज उठाती है तो उसके नेताओ को जेल में बंद करके प्रताड़ित करने का काम बीजेपी की सरकार कर रही है , उक्त बातें उत्तर प्रदेश दलित कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सोनकर ने मछली शहर के दीयावा महादेव मंदिर पर कांग्रेस द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा मे कहा। कांग्रेस द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश के हर जिलो में विधानसभा स्तर पर प्रतिज्ञा यात्रा निकाली जा रही है जिसका आज पहले दिन बरसठी ब्लॉक के अरुआवा से दीयावा महादेव मंदिर तक पद यात्रा निकाली गई ,यात्रा का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष सुनील यादव ,जिला सचिव लव कुमार गुप्ता प्रेम चन्द्र यादव एवम सुरेश गौड़ कर रहे थे। पद यात्रा में योगी और मोदी के नाकामियों की बाते पर्चे पे




छपे है ,और प्रियंका गांधी के द्वारा उत्तर प्रदेश में सरकार बनने के बाद जो वादे किए गए है उसको लिखा गया है , कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस के महासचिव प्रमोद सिंह ने लोगो के अंदर जोश भरा और 2022 में प्रियंका गांधी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का आह्वाहन किया। यात्रा में नौजवानों ,बुजुर्गो एवम महिलाओं की काफी संख्या रही जो लगातार वर्तमान सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए आगे बढ़ रही थी। यात्रा में उपस्थित रहे पूर्व प्रत्याशी मंगला गुरु अली अंसारी विनोद सरोज सत्य प्रकाश दुबे राकेश आजाद चंद शेखर चौहान शैलेश कनौजिया कमलेश कनौजिया सईद अनवर दिलीप कुमार गौतम लल्लू कनोजिया संदीप मौर्या नरसिंह सिंह बच्चन गौतम अनीशा गौतम माही सोनकर तुषार कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## भगवान सुख के सागर : जो आनंद सिन्धु सुख राशी सीकर ते त्रैलोक सुपासी

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के पौहा, बेलासिन में हो रहे श्रीमद्भागवत कथा श्री गरूणेश जी महराज के मुखारविंद से कथा के तीसरे दिन व्यास जी ने कहा कि जो आनंद सिंधु सुख राशि, सीकर ते तैलोक सुपासी अर्थात माता कुंती ने भगवान से दुख मांगा तो भगवान दुःख नही दे सके क्योंकि प्रभु तो सुख के सागर है। भगवान के पास दुख तो है ही नही इसलिए अपने आप को श्रीमदभागवत कथा को ही अर्पण कर दिया। आज की कथा ध्रुव चरित्र पर समाप्त हुआ कल चौथे दिन की कथा दिन कि कथा समय 3 बजे से प्रारंभ होगी जिसमें प्रहलाद की कथा, बावन अवतार, और कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग रोचकता के साथ होगा। व्यास जी महाराज ने अधिक से अधिक भक्तगणों को कथा में एकत्रित पहुँचकर अपने जीवन को कृतार्थ करें। कथा में यज्ञाचार्य पंडित सुजीत कुमार द्विवेदी वेदी पूजन कार्य में पंडित पवन पाण्डेय द्वारा भव्य वेदी पूजन बहुत ही अच्छा चल रहा है। यज्ञ के मुख्य यजमान एडवोकेट श्यामप्यारे तिवारी व विमला देवी सपत्नीक एवं सपरिवार कथा का श्रवण करके अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे हैं।

# जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर सहित कई कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)।जिलाधिकारी अयोध्या नीतीश कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर एवं उसमें स्थित समस्त न्यायालय एवं कार्यालयों का स्थलीय निरीक्षण किया। परिसर/कार्यालयों/ न्यायालयों की साफ–सफाई दस्तावेज/अभिलेखों के रखरखाव, भवनों की स्थिति आदि का जायजा लिया।इस मौके पर जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय, पंचायत, चकबंदी अधिकारी कार्यालय, सहायक चकबंदी अधिकारी कार्यालय, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय, न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर, संयुक्त निदेशक अभियोजन, पुस्तकालय, अपर जिलाधिकारी (नगर) कार्यालय, अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय, नजारत, न्यायिक अभिलेखागार, न्यायालय सहायक अभिलेख अधिकारी, संयुक्त कार्यालय, राजस्व अभिलेखागार, नजूल कार्यालय व न्यायालय, सीलिंग कार्यालय, ड्रग इंस्पेक्टर कार्यालय, जिला सेवायोजना अधिकारी कार्यालय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिसर में स्थित विभिन्न भवनों, सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय/न्यायालय, न्यायालय अतिरिक्त



मजिस्ट्रेट, आइजीआरएस कक्ष अपर जिलाधकारी भूमि अध्याप्ति चेंबर, अपर जिलाधिकारी कानून व्यवस्था चेंबर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चेंबर आदि कार्यालयों/भवनो का निरीक्षण किया।इस दौरान जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में रखी गयी पुस्तकों व कार्यालय की समुचित साफ–सफाई कराने के साथ ही कंप्यूटराइज रूप से सूचीबद्ध करा कर सुव्यवस्थित रूप से रखने हेतु पुस्तकालय लिपिक को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने नाजिर/नायब नाजिर को परिसर व परिसर में स्थित समस्त भवनों/कार्यालयों के छतो व भवनों की साफ–सफाई, रंगाई–पुताई तथा आवश्यकतानुसार मेंटीनेंस कराने के निर्देश दिए।

# जनौस के प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में नौजवान सभा ने कंगना रनौत के खिलाफ दी तहरीर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला कमेटी द्वारा जनौस के प्रदेश महासचिव कामरेड सत्यभान सिंह जनवादी के नेतृत्व में नगर कोतवाल सुरेश पाण्डेय से मिलकर कंगना रनौत जो बेहूदा बयान बाजी करके क्रान्तिकारियो, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, देश की अवाम का अपमान करने वाली कंगना के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके कानूनी कार्यवाही करने,देश द्रोह का मुकदमा दर्ज करने और पद्मश्री अवार्ड को तत्काल वापस लेने की मांग को लेकर एप्लिकेशन दिया और तत्काल प्रभाव से एफआईआर दर्ज करके कारवाही करनी की मांग रखी, मांगपत्र देने में उत्तर प्रदेश खेतमजदूर संगठन के प्रांतीय महामंत्री कामरेड शैलेन्द्र सिंह,वरिष्ठ नेता कामरेड राजेद नन्द,जनौस मंडल प्रभारी कामरेड विनोद सिंह,कांग्रेस नेता कमलेश सिंह यादव,जनौस नेता कामरेड मुकेश श्रीवास्तव, महावीर पाल,कामरेड रामदुलारे यादव,माकपा नगर सचिव कामरेड रामजी तिवारी मौजूद रहे। जनौस के प्रदेश महासचिव कामरेड सत्यभान सिंह जनवादी ने कंगना द्वारा शहीदों का अपमान व देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अपमान करने



का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि इस तरह से आजादी के दीवानों का अपमान करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। संगठन कड़ा विरोध दर्ज कराते हुते तत्काल एफआईआर दर्ज करके पद्मश्री अवार्ड को वापस लेते हुए सरकार इसको जेल में डाले।

# डेंगू से बचने के लिए अपनाएं सावधानियां कहीं जानलेवा ना साबित हो–आचार्य डॉक्टर आरपी पांडे वैद्य

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : डेंगू का बुखार बहुत ज्यादा फैला हुआ है जिसके कारण हस्पतालों में भारी भीड़ है और अफसोस के साथ लिखना पड़ रहा है कि जानें भी जा रही हैं। अखबारों में पढ़कर बहुत दुख होता है कि कई मामलों में घर के चिराग बुझ गए। आमतौर पर डेंगू का बुखार जुलाई से नवंबर के मध्य ही ज्यादा होता है। डेंगू के बुखार को हड्डी तोड़ बुखार भी कहा जाता है। यह एक तरह से फ्लू जैसी बीमारी है जो डेंगू के कारण होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर वर्ष लगभग डेंगू के कारण 5 लाख लोग हस्पताल में भर्ती होते हैं। डेंगू का मच्छर आमतौर पर सुबह और शाम के वक्त ही काटता है। डेंगू के लक्षण इस प्रकार है, आमतौर पर डेंगू में बुखार 104 डिग्री होता है। सिर दर्द, हडियो और जोड़ में दर्द, जी मचलना, उल्टी लगना, आंखों के पीछे दर्द और शरीर पर लाल चकते होना इसकी मुख्य पहचान है, और डेंगू की दवाई जो आज तक डेंगू की कोई स्पेशल दवाई या गोली नहीं बनी है। डेंगू का बुखार आमतौर पर एक सप्ताह तक रहता है। बुखार उतारने के लिए आयुर्वेदिक ओषधि। महासुदर्शन घनवटी की दोदृ दो गोली सुबह और शाम चबा कर ले। अंग्रेजी दवाई पेरासिटामोल दे सकते हैं। डेंगू का मच्छर 3 फीट से ऊंचा नहीं उड़ सकता इसलिए यह घुटनों से नीचे ही काटता है। अतः सबको सलाह है कि हर समय जूते पहनकर रखें, वहीं डेंगू में सबसे ज्यादा परेशानी, डेंगू का बुखार होने पर सबसे बडी समस्या प्लेटलेट्स का कम होना है। आमतौर पर देखा गया है कि प्लेटलेट्स ज्यादा कम होने पर ब्लीडिंग होने के कारण मरीज की मृत्यु हो जाती है। इसलिए सलाह दी जाती है कि बुखार होने पर टेस्ट जरूर करवाएं कहीं डेंगू वाला बुखार तो नहीं है और प्लेटलेट्स की भी जांच जरूर करवाएं। डेंगू के मरीज को ज्यादा से ज्यादा लिक्विड ही लेना चाहिए। प्लेटलेट गिरने पर उपाय अगर प्लेटलेट कम है तो इनको बढ़ाने के लिए नारियल पानी, पपीते के पत्तों का जूस, गिलोय पानी में उबालकर उसका पानी, कीवी फ्रूट, पपीते का जूस और पपीते की गोली लगातार लेते रहे। हर रोज दो कीवी फ्रूट जरूर खाएं। दिन में दो बार नारियल पानी जरूर लें। हर 15 मिनट में कोई ना कोई जूस जरूर लें। पपीते के पत्तों की गोली दिन में तीन बार जरूर ले। रात को सोते समय दूध में हल्दी उबालकर उसको पीएं। दो गिलास पानी में 1 फीट गिलोय की डंडी को कुटकर हल्की आंच में उबालें। जब पानी आधा रह जाए तो ठंडा करके दिन में 4 बार उसको पिएं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपनी सोच को सकारात्मक रखें और यह सारी विधि करने से प्लेटलेट जल्दी ही बढ़ जाएंगी। अपने प्लेटलेटस को हर रोज चेक करवाएं एक बार प्लेटलेटस बढ़नी शुरू हो गई तो फिर एकदम से बढ़ जाती है। विशेष बात 1 डेंगू के बुखार में प्लेटलेट गिरने के कारण खून पतला हो जाता है अतः ऐसी कोई गोली ना लें जिससे खून और पतला हो जाए और अगर शरीर पर कहीं भी खुजली हो रही हो तो खुजली बिल्कुल ना करें क्योंकि खुजली करते ही खून निकलना शुरू हो जाएगा और फिर वह बिल्कुल नहीं रुकेगा। 2 डेंगू के बुखार में हैवी डाइट ना लें सिर्फ लिक्विड ही ज्यादा लें। 3 खास परहेज फ्रिज की ठंडी कोई भी चीज ना खायैं। इस करोना कॉल मी मैंने अपनी निकट संबंधी और कई जिगरी दोस्त को खोया है जिसका अभाव जीवन भर नहीं भरपाई होगा।

# अशफाकउल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक ने कगना रानौत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पद्म श्री सम्मान वापस लेने की मांग की

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : अशफाकउल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने कगना रानौत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पद्म श्री सम्मान वापस लेने की मांग किया है।देश के राष्ट्रपति को पत्र भेजकर उन्होंने कहा है कि जब हमारा देश आजादी की पचहत्रवी वर्षगांठ अमृत महोत्सव मना रहा है उस वक्त इस तरह की टिप्पणी आजादी के संग्राम के बलिदानियों तथा नायकों का अपमान किसी भी देशवासी के बर्दाश्त योग्य नहीं है। पत्र में उनके कथन को पीएम मोदी की चाटुकारिता की पराकाष्ठा बताते हुए राष्ट्रपति से संपूर्ण बयान को संज्ञान में लेकर पद्म श्री सम्मान वापस लेने का अनुरोध किया गया है।उन्होंने पत्र में लिखा है कि उनके इस बयान से भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव पं रामप्रसाद बिश्मिल,अशफाकउल्ला, रोशन सिंह, राजेंद्र लाहिड़ी जैसे शहीदों महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरु, बल्लभाचार्य पटेल जैसे स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं की भूमिका का मजाक उड़ाया गया है।यह अक्षम्य है। उन्होंने पत्र में माग किया है कि उनके खिलाफ देशद्रोह तथा स्वतंत्रता सेनानियों के अपमान का मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तार किया जाये तथा पद्मश्री सम्मान तत्काल वापस लिया जाय।

# अयोध्या से लेकर रामेश्वरम तक निस्वार्थ व निःशुल्क भाव से मानव धर्म की सेवा करना माना अपना कर्तव्य–ओम नारायण दास

अयोध्या(संवाददाता) सुरेन्द्र कुमार। ओम नारायण दास का कहना है कि निस्वार्थ व निःशुल्क भाव से लोगों की सेवा करना ही सबसे बड़ी मानवता है, इसी उद्देश्य के साथ अयोध्या जनपद के दतौली गांव के रहने वाले ओम नारायण दास ने अयोध्या से लेकर कलकत्ता व कलकत्ता से लेकर रामेश्वरम तक कई पूजन करवा चुके है। परोपकार से बढ़कर कोई धर्म नहीं है, इसी को फलीभूत करने के लिये हमने अपने गुरु महाराज को वचन दिया है कि निःशुल्क भाव से हम सेवा करते रहेंगे जबकि दक्षिणा के ऊपर न हम भोजन करेंगे और न ही कथा कहेंगे, बल्कि निःशुल्क व निस्वार्थ से भाव से चाहे वह अमीर हो या गरीब सभी की सेवा करना ही हमारा परम् कर्तव्य है और धर्म भी। उन्होंने बताया कि हम कई पूजन करवा चुके है, सीओ साहब से लेकर कमिश्नर साहब तक व सचिव से लेकर अपर सचिव तक सभी हमसे जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि अभी जौनपुर निवासी देवेंद्र वर्मा जी के यहां एक कार्यक्रम संपन्न कराकर वापस आये हैं और पटना में एक



कार्यक्रम आयोजित है, जिसमें शिरकत करने के लिये वहां जाना है, और इसी तरह कार्यक्रम चलता रहता है।

# महंगाई के विरोध में वामपंथी दलों नें किया धरना प्रदर्शन : जनसमस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : बेतहाशा बढ़ती महंगाई पर लगाम, खाद की किल्लत दूर करने, कालाबाजारी रोकने, धान खरीद की गारंटी, बाढ़ और तूफान से बर्बाद फसलों का मुआवजा तथा जनता के हक में आवाज उठाने वाले नेताओं का दमन रोकने जैसे मुद्दों को लेकर वामपंथी दलों के नेताओं ने मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन के दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार को जमकर खरी खोटी सुनाई। भाकपा जिला सचिव राम तीर्थ पाठक, माकपा जिला सचिव अशोक यादव, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद की अध्यक्षता और भाकपा राज्य काउंसिल सदस्य अशोक कुमार तिवारी के संचालन में आयोजित धरने में वक्ताओं ने कहा कि कमरतोड़ मंहगाई ने आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है। इस मंहगाई ने दाल– तेल के बाद आलू भी थाली से गायब कर दिया है।रसोई गैस के बढ़ते दामों ने मोदी सरकार के महिला प्रेम को उजागर कर दिया है। उप चुनाव के हार से डरी भाजपा सरकार द्वारा घटाए गए पेट्रोल डीजल क दामों को नाकाफी बताते हुए इसमें कम से कम 50 रुपये कम किए जाने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि बुआई के सीजन में किसान खाद के लिए दर दर भटक रहा है। धान क्रय केंद्रों पर ताले लटक रहे हैं। किसान औने पौने दामों पर अपना धान बेचने पर मजबूर हैं। बाढ़ और भारी बारिश से बरबाद फसलों का मुआवजा न देकर सरकार ने अपनी किसान विरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया है। प्रदेश की योगी सरकार कानून व्यवस्था पटरी पर लाने के बजाय जनता के हक में आवाज उठाने वाले वामदलों और अन्य विपक्षी नेताओं का दमन कर रही है। इस पर तत्काल रोक लगना चाहिए। धरने को भाकपा (माले) राज्य कमेटी सदस्य राम भरोस, सूर्यकांत पाण्डेय, माकपा नेता मया राम वर्मा, सुनीता गौड़, रामजी राम यादव, एसएन बागी, बाबूराम यादव, शैलेन्द्र सिंह, अजय शर्मा, राजेश वर्मा, राजकपूर, रामसिंह, शेर बहादुर शेर, सत्यभान सिंह, अनिरुद्ध प्रताप मौर्य, मो इश्हाक, अवधराम यादव, रामकुमार सुमन आदि नेताओं ने संबोधित किया। धरने में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। अन्त में राष्ट्रपति को संबोधित 11सूत्री मांगपत्र नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

# विधानसभा चुनाव 2022 : तैयारियों में जुटी समाजवादी पार्टी

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी समाजवादी पार्टी ने अब अपना पूरा ध्यान वोटर लिस्ट में मतदाताओं का नाम बढ़ाने पर लगा दिया है। पार्टी ने कार्यकर्ताओं को यह साफ संदेश दिया है कि कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी के वोटर्स को मतदाता सूची में शामिल कराते हुए उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें। रुदौली में हुई कार्यसमिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस बार विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरी तरीके से मैदान में उतर जाएं और लोगों को पार्टी की नीतियों और रीतियों से अवगत कराते हुए उन्हें सपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने इस मौके पर कहा कि समाजवादी पार्टी की इस बार सरकार बनना तय है ऐसे में पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर कर सपा की सरकार बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने का काम चल रहा है कार्यकर्ता अपने वोटर्स का नाम इसमें जरूर बढ़वाएं। उन्होंने कहा कि लोगों को सपा सरकार में किए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए सपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही वह दल है जो गरीबों पिछड़ों और महिलाओं के हित के लिए लगातार प्रयासरत है जबकि भाजपा ने इन सभी को बेवकूफ बनाते हुए ना सिर्फ इनका शोषण किया बल्कि इन्हें प्रगति के मार्ग पर बहुत पीछे छोड़ दिया। पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां ने इस मौके पर कहा कि समाजवादी पार्टी के पक्ष में लहर चल रही है ऐसे में कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ अगर जुड़ गए तो समाजवादी पार्टी की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता।पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज रुदौली क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्र की मासिक बैठक में कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिए गए। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं ने भी इस मौके पर 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता, विधानसभा अध्यक्ष रुदौली छोटे लाल यादव ने किया इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष रुदौली विंधयाचल सिंह, प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव, नगर महासचिव प्रदीप कुमार यादव, पूर्व प्रधान नरौली राम बहादुर यादव , ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद रेहान, विधानसभा सभा महासचि शकील , पूर्व प्रधान अलगू लोधी , नगर उपाध्यक्ष हरनाम मिश्रा , सभासद मोहम्मद सलीम, मुमताज राइन,राम देव शर्मा, सभासद मोहम्मद मुकीम उर्फ चुन्ने , नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद इकबाल नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

# बीएचयू: नव नियुक्त कुलपति बोले– ऐतिहासिक संस्थान से जुड़ने पर बहुत सम्मानित हूं, बनाउंगा दुनिया का श्रेष्ठ विवि

वाराणसी ब्यूरो : काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार जैन बीएचयू को दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों की सूची में आगे बढ़ाना चाहते हैं। उनका कहना है कि इस दिशा में सभी के सहयोग से प्रयास किया जाएगा। प्रोफेसर सुधीर कुमार जैन बहुत जल्द ही बीएचयू में आकर अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। अपने फेसबुक वॉल पर उन्होंने कुलपति के रूप में खुद को सम्मानित महसूस होते हुए बताया है कि संस्थान के निरंतर विकास के लिए तत्पर रहेंगे। बीएचयू 100 साल से अधिक पुराने एक समृद्धशाली और गौरवशाली अतीत का उत्तराधिकारी है। मैं बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के अगले कुलपति के रूप में नियुक्त होने के लिए बहुत सम्मानित और विनम्र हूं और इस ऐतिहासिक संस्थान के निरंतर विकास में योगदान देने के लिए तत्पर हूं। यहां के छात्रों ने कला, साहित्य, सरकार, नीति, शिक्षाविदों, कानून, इंजीनियरिंग और चिकित्सा जैसे विविध क्षेत्रों में खुद को प्रतिष्ठित किया है। यह भारत के सबसे बड़े आवासीय सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में से एक है और शायद अकादमिक रूप से सबसे विविधा है। एनआईआरएफ 2021 विश्वविद्यालय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है



और देश में ''उत्कृष्ट संस्थान'' के रूप में मान्यता प्राप्त केवल 12 संस्थानों में से एक है। मुझे इस तरह की उल्लेखनीय विरासत, प्रतिष्ठा और पैमाने के संस्थान से जुड़े होने पर बहुत गर्व है। आने वाले हफ्तों और महीनों में, संस्थान, कार्यक्रमों, लोगों, अवसरों और चुनौतियों के बारे में और जानने की उम्मीद है ताकि हम सामूहिक रूप से अधिक से अधिक ऊंचाइयों को छूने का प्रयास कर सकें और दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की लीग में बीएचयू को आगे बढ़ा सकें।

# प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ ने मांगों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ ने उत्तर प्रदेश के समस्त बीडीसी बंधुओं के विकास निधि मानव अधिकारों के संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष क्षेत्र



पंचायत शुभेन्द्र प्रताप सिंह बाबुल ने बताया यह ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी नाथ को दिया गया है संघ ने बीडीसी के कई मांगों के बारे में बताया और कहा इस पर गंभीरता से विचार किया जाए और उसकी पूर्ति की जाए अपनी मांग बताते हुए कहा 10 लाख विकास निधि प्रतिवर्ष क्षेत्र के विकास के लिए मिलना चाहिए, और 5000 मानदेय, 1500/ पर मीटिंग होने पर मिलना चाहिए एवं परिवार सुरक्षा के लिए लाइसेंस की प्राथमिकता दी जाए, आने जाने में दुर्घटना होने पर 10 लाख का जीवन बीमा मिलना चाहिए तथा पेंशन की व्यवस्था होनी चाहिए मांग पूरी नहीं की गई तो आने वाले चुनाव का बहिष्कार करेंगे। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए जिला अध्यक्ष शुभेन्द्र प्रताप सिंह बाबुल सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष सुनील सिंह ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान , जिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार पांडे, संदीप जयसवाल,सचिन वर्मा एवं क्षेत्र पंचायत के सदस्य मौजूद थे।

# विद्यालयों के कायाकल्प के कार्यों व पंचायत भवनों के निर्माण को लेकर डीएम ने की बैठक

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में कायाकल्प के कार्यो तथा निर्माणाधीन पंचायत भवनों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने तथा ग्रामीणांचल के विद्यार्थियों हेतु पंचायत भवनों में पुस्तकालय के संचालित कराये जाने आदि के सम्बंध में समस्त उपजिलाधिकारियों, खण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा खण्ड विकास अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीसी मनरेगा व पंचायती राज विभाग से समन्वय कर जिन विद्यालयों में बाउंड्रीवाल नही है वहां पर शीघ्र कार्ययोजना बनाकर बाउंड्रीवाल बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने ऐसे विद्यालय जहां दिव्यांग शौचालय नही है जहां पर फर्श टूटी है वहां पर दिव्यांग शौचालय व अच्छी गुणवत्ता की टाइल्स लगवाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन पंचायत भवनों के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने, जिन ग्रामों में पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय हेतु भूमि नही मिली है संबंधित एसडीएम इन ग्रामों को स्वयं देखकर भूमि उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पंचायत सहायक की नियुक्ति हो चुकी है तथा पंचायत भवन हेतु कम्प्यूटर व अन्य फर्नीचर के क्रय हेतु धनराशि प्राप्त हो चुकी है सभी बीडीओ मानक के अनुरूप अच्छी गुणवत्ता के कम्प्यूटर व फर्नीचर क्रय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपद के समस्त पंचायत भवनों के एक कमरें में ग्रामीणांचल के विद्यार्थियों हेतु रेलवे, एसएससी, बैंक पीओ आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की अच्छी पुस्तकें, न्यूज पेपर, विभिन्न पत्रिकाओं की व्यवस्था कर पुस्तकालय के संचालित कराने के निर्देश दिये तथा प्रत्येक विकास खण्ड के कम से कम 25–25 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों में 15 दिसम्बर 2021 तक पुस्तकालयों का संचालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूलों, पंचायत भवनों सहित समस्त निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा खराब गुणवत्ता पाये जाने पर संबंधित पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त मामलों में चकमार्गो से सम्बंधित मामले सर्वाधिक थे। ऐसे में समस्त उपजिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी आपस में समन्वय कर लेखपाल व ग्राम पंचायत सचिवों को एक साथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत भवनध उचित स्थल का चयन कर वहां पर सप्ताह में उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का निस्तारण करने हेतु रोस्टर जारी करने तथा पैमाइश किये गये चकमार्गो का तत्काल मिट्टी पटाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंह, डी सी मनरेगा, समस्त उपजिलाधिकारी, बीडीओ, खण्ड शिक्षा अधिकारी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।